फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -195, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 2

## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर** : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान** : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा** : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार** : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

### एक नजर

#### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

#### गूगल भारतीय एप को बहाल करने पर राजी

**नई दिल्ली।** प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान
- प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी पूरा, जल्द भेजा जाएगा मुआवजा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी



- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल



सिद्धरमैया



डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## एसपी ऑफिस पर आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

## कंटेनर से भिड़ी बरातियों की बोलेरो तीन लोगों की जान गई, चार घायल

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- सोमवार रात दो बजे कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर के पास हुआ हादसा
- मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे सभी लोग, घायलों को पुलिस ने भेजा अस्पताल



नेत्रपाल



रामदीन

**अमृत विचार :** बरातियों से भरी बोलेरो की सोमवार रात नौगवां मुबारकपुर के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई, जिससे तीन बरातियों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह सभी मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें एक की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर मड़ैया निवासी जीवन की बरात सोमवार शाम को मदनापुर गई थी। द्वाराचार की रस्म पूरी होने के बाद बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद शादी की आगे की रस्में शुरू हो गईं। कुछ बराती खाना खाकर बोलेरो से घर के लिए चल दिए। रात करीब दो बजे मुरादाबाद-कानपुर स्टेट हाईवे पर कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर गांव के पास कलान की ओर से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में बोलेरो चालक मिर्जापुर के गांव भौरा नगला निवासी रजनीश, लक्ष्मनपुर निवासी रामदीन, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी नेत्रपाल उर्फ नेता की मौके पर मौत हो गई। जबकि लक्ष्मनपुर निवासी रमेश और डालचंद, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी रवित, प्रेमपाल घायल हो गए। सभी को पुलिस ने फर्रुखाबाद के अस्पताल भेजा, रमेश की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया।

## मौलाना तौकीर 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

### कोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, बरेली



- कोर्ट ने जारी किया आदेश, 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी माना तौकीर का सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने का आरोप होने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश, क्रिमिनल लॉ एक्ट, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने विचारण के दौरान पाया कि केस फाइल में यह तथ्य है कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। लेकिन इसके बावजूद चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने विवेचना में सामने आए तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन मौलाना तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। इसके बाद कोर्ट ने मौलाना तौकीर को दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए अगली सुनवाई पर तलब कर लिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचार:** एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## एक नजर

### आज रसूलाबाद आएंगे लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद

**कानपुर देहात।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद आज रसूलाबाद में लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में आएंगे। सूचना कार्यालय से मिले प्रोटोकॉल के अनुसार पीडब्ल्यूडी मंत्री बुधवार को रसूलाबाद क्षेत्र के काशीपुर हनुमान धाम मंदिर में दोपहर दो बजे पहुंचेंगे। लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दोपहर डेढ़ बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

### राजपुर क्षेत्र में आज सात घंटे बाधित रहेगी बिजली

**राजपुर।** जैनपुर उप केंद्र में बुधवार को नई मशीन (वीसीबी) रखने का कार्य किया जाएगा। जिससे उपकेंद्र से जुड़े राजपुर, बैना, जैनपुर, सलेमपुर, गौरीकरन, अफसरिया, मदियापुर, भाल व कथरी आदि गांवों में सुबह 11 से शाम 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी उपकेंद्र के अवर अभियंता सौरभ त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### ओपन स्टेट आमंत्रण प्रतियोगिता आज से

**कानपुर देहात।** जिला क्रीड़ा अधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 से 8 मार्च तक स्पोर्टस स्टेडियम माती में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमे कानपुर देहात समेत कानपुर मंडल, झांसी मंडल, मेरठ मंडल, गोरखपुर मंडल, लखनऊ मंडल, आजमगढ़ मंडल, चित्रकूट मंडल, प्रयागराग मंडल व जिला गाजीपुर की टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 6 मार्च को दोपहर 02 बजे जिला खेल कार्यालय में किया जाएगा।

### सिकंदरा में इटावा सांसद का किया गया स्वागत

**सिकंदरा।** इटावा लोकसभा सीट से पुन: प्रत्यशी बनाए जाने के बाद मंगलवार को सिकंदरा पहुंचे सांसद डा. रामशंकर कठेरिया का जगह-जगह कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद पटेल चौक पर सरदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वंशलाल कटियार, औरैया विधायक गुड़िया कठेरिया, राजपुर चेयरमैन अंशू त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख राकेश कटियार, ब्लाक प्रमुख संदलपुर मीनू तिवारी, डा0 अमित शर्मा, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साकेत पाल, विवेक द्विवेदी, रवीश कटियार, बब्बन शर्मा रामू कटियार, सभासद रविश नकवी, अजय कटियार, पंकज त्रिपाठी सहित भारी कार्यकर्ताओं व समर्थकों का भारी समूह मौजूद रहा।

# बारिश-ओलावृष्टि से नुकसान के 53 दावे

## डीडी व डीओ कार्यालय में पांच, बीज भंडारों में 15 और 33 ऑफलाइन आवेदन, कृषि विभाग का सर्वे शुरू

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



फसल नुकसान का सर्वे करते जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता।

> बारिश व ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान को लेकर किसानों से आवेदन मांगे गए थे। पिछले दो दिन में पांच किसानों ने उनके व डीडी एजी कार्यालय में आवेदन व 33 ऑफलाइन आवेदन दिए हैं। जबकि जिले के दस बीज भंडारों में कुल 15 आवेदन आए हैं। अभी और दावे आने का इंतजार है। फसल नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया गया है।
>
> -डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी

**अमृत विचार।** जिले में बीते शुक्रवार से रविवार तक तेज हवाओं के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का कृषि विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। तहसीलवार बनी टीमों ने प्रभावित कई इलाकों का सर्वे किया है। जल्द ही रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वहीं बारिश थमने के बाद दो दिनों में कुल 53 नुकसान के ऑफलाइन व ऑनलाइन दावे कृषि अधिकारियों को मिले हैं।

मौसम का मिजाज अभी भी दुरुस्त नहीं है। हालांकि मंगलवार को पूरे दिन धूप निकली और तापमान में इजाफा रहा। बीते शुक्रवार की रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शनिवार व रविवार को बारिश के साथ ओले गिरे थे और पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिसके चलते गेहूं समेत दलहनी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं तेज हवा व ओले के चलते गेहूं की फसल खेत में ही गिर गई है, जबकि खेत पर कटी पड़ी सरसों की फसल के दाने झड़ गए हैं और बर्बाद हो गई है।

किसानों ने आलू, जौ, मटर समेत अन्य फसलों को भी भारी नुकसान होना बताया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री की ओर से फसलों के नुकसान को लेकर सर्वे कर मुआवजा दिए जाने के निर्देश जारी किए थे। वहीं कृषि अधिकारियों ने किसानों से नुकसान के लिए 72 घंटे के अंदर आवेदन देने को कहा था। जिससे नुकसान का सर्वे कराया जा सके। जिला कृषि अधिकारी ने तहसीलवार टीम गठित कर फसलों का सर्वे करने का निर्देश दिया था। उनके साथ ब्लॉक स्तरीय कृषि अधिकारी के अलावा फसल बीमा कंपनी कर्मी भी सर्वे करने में जुट गए हैं। मंगलवार को अलग-अलग टीमों ने कई गांवों का जायजा लिया।

### मौसम खुलते ही फसल बटोरने में जुटे किसान

**कानपुर देहात।** जिले में शुक्रवार की देर शाम के बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया था। रात में रुक-रुक कर बारिश होती रही। यही हाल शनिवार को भी रहा। रविवार को जिले के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हुई थी, जिससे गेहूं, सरसों, आलू सहित अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। फसल बर्बाद होने से किसान काफी चिंतित हैं। जो फसल प्रभावित होने से बच गई है, किसान अब उसे सुरक्षित रखने और व्यवस्थित करने में जुट गए हैं। मंगलवार को सुबह से ही किसान अपने खेतों में पहुंच गए और पकी खड़ी सरसों की फसल की कटाई शुरू कर दी, जिससे फिर मौसम बिगड़ने की स्थिति में फसल बर्बाद न होने पाए। इसके साथ ही जिन किसानों की खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल जो बारिश से भीग गई थी। उसे सुखाने के प्रयास शुरू किए हैं। वहीं आलू की खुदाई भी तेज हो गई। जिससे जल्द आलू को खोदकर कोल्ड स्टोर में भंडारित किया जा सके।

### कई ब्लाकों से नुकसान का एक भी आवेदन नहीं

पिछले सप्ताह जिले में हुई तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि से फसल नुकसान के बावत जागरूकता की कमीं के चलते केवल नाम मात्र के आवेदन ही हो सके हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विकास खंड सरवनखेड़ा व मलासा में फसल नुकसान के बावत एक भी आवेदन नहीं आया है। जबकि अकबरपुर विकासखंड में सबसे अधिक नौ व डेरापुर ब्लाक से दो समेत अन्य ब्लाकों से आवेदन आए हैं।

### 21 फरवरी की बारिश से नुकसान के 52 दावे

मौसम के रुख बदलने का सिलसिला फरवरी मध्य से ही चल रहा है, जिससे किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। 21 फरवरी को भी तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई थी, जिससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई थी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि फरवरी माह में बारिश से फसल नुकसान के बावत 52 किसानों ने आवेदन किए थे।

# नाबालिग से गैंगरेप में दो युवकों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 51-51 हजार रुपये का लगाया जुर्माना पीड़िता को मिलेगी रकम

**अमृत विचार।** कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में करीब छह साल पहले अपनी नानी के यहां रह रही नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप के मामले में अदालत ने दोनों आरोपी युवकों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है और दोनों पर 51-51 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि उसकी 13 वर्षीया नातिन उसके साथ ही रहती है और क्षेत्र के ही एक स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ती है। 17 जुलाई 2017 की सुबह वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, उसके वापस नहीं आई। सभी जगह तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू की थी। इसी दौरान छात्रा के घर वापस आने पर पुलिस ने उसके बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर उसी गांव के रहने वाले दो युवकों विमल कुमार उर्फ मुरई और शिवशंकर उर्फ छोटे को आरोपी बनाया और जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना कर सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज-13 पॉक्सो बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी दोनों युवकों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 51-51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को छह-छह माह के अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

# रूरा में दो घंटे खड़ी रही पैसेंजर

संवाददाता, रूरा



रूरा स्टेशन पर खड़ी पैसेंजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाऊपुर रेलवे स्टेशन पर गार्डर लांचिंग कार्य के चलते टूण्डला से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन करीब दो घंटे दस मिनट रूरा स्टेशन पर खड़ी रही।

मंगलवार को भाऊपुर रेलवे स्टेशन पर गार्डर लांचिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान टूण्डला से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन दोपहर करीब 02:10 बजे रूरा स्टेशन पर पहुंच गई। रेलवे ट्रैक क्लीयर न होने के कारण ट्रेन करीब दो घंटे दस मिनट तक स्टेशन पर ही खड़ी रही। सिग्नल मिलने पर ट्रेन को दोपहर 02.20 बजे आगे की ओर रवाना कर दिया गया। घंटों ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान अधिकांश यात्री स्टेशन पर उतर कर ट्रेन चलने के बावत रेल कर्मियों से जानकारी लेते रहे। स्टेशन मास्टर ज्ञानेद्र पांडेय ने बताया कि भाऊपुर रेलवे स्टेशन पर गार्डर लांचिंग के चलते ट्रेन को रूरा स्टेशन पर खड़ा किया गया था।

### एक्सल जाम होने से पौन घंटे खड़ी रही मालगाड़ी



एक्सल जाम होने से खड़ी मालगाड़ी।

**रूरा।** कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी का एक्सल जाम होने से करीब पौन घंटे डीएफसी पर खड़ी रही। मंगलवार की सुबह डीएफसी डाउन ट्रैक पर दिल्ली से कानपुर की ओर एक मालगाड़ी जा रही थी। तभी मालगाड़ी की आठवीं बोगी का एक्सल जाम हो गया। जिसपर चालक ने मालगाड़ी को रूरा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। इस दौरान मालगाड़ी करीब 45 मिनट तक खड़ी। एक्सल ठीक होने के बाद ट्रेन को आगे की ओर रवाना कर दिया गया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि एक्सल जाम होने के कारण मालगाड़ी सुबह करीब 10 :15 बजे खड़ी हुई थी।

# छात्रों के शव गांव पहुंचे तो मच गया कोहराम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- परीक्षा देकर लौटते समय ट्रक ने मारी थी टक्कर, तीसरा घायल छात्र अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के रतनियापुर ईंट भट्टे के पास सोमवार को इंटर का पेपर देकर लौट रहे बाइक सवार तीन छात्र ट्रक की टक्कर सेघायल हो गए थे। उपचार के दौरान दो छात्रों की मौत हो गई थी। जबकि एक का इलाज चल रहा है। देर रात शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार को डेरापुर थाना क्षेत्र के बिरिया गांव निवासी शिशुपाल का पुत्र दीपक (17), चरण सिंह यादव का पुत्र प्रवीण यादव (18) व चंद्रशेखर का पुत्र अनिरुद्ध यादव (17) इंटरमीडिएट की परीक्षा देने एक बाइक पर सवार होकर परौंख राजकीय इंटर कालेज गए थे। शाम की पाली में भौतिक विज्ञान की परीक्षा देकर तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। तभी रतनियापुर ईंट भट्ठे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस से अनिरुद्ध को जिला अस्पताल ले जाया गया था। जहां ईएमओ डॉ. पवन पार्या ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वहीं प्रवीण व दीपक को परिजन सीएचसी डेरापुर ले गए थे। वहां डॉ. रवींद्र प्रताप ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने बताया था कि मृतक अनिरूद्ध व प्रवीण डेरापुर स्थित श्रीकृष्ण आदर्श इंटर कालेज उदनापुर में इंटरमीडिएट के छात्र थे। घायल दीपक भी इसी कॉलेज में पढ़ता है। तीनों में अच्छी दोस्ती होने के चलते वह एक साथ ही बाइक से निकले थे। डेरापुर सीओ शिव ठाकुर ने कहा कि तहरीर पर कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव कुमार बेरिया व अतहर खान भट्टो। अमृत विचार

### बेरिया की अगुवाई में कद्दावर नेता सपा में शामिल

**रसूलाबाद।** कस्बा निवासी अतहर खान भुट्टो बसपा में जिला प्रभारी रह चुके हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया लगातार उनसे सपा में जाने के लिए संपर्क कर रहे थे। ऐसे में अतहर खान भुट्टो ने पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया की अगुवाई में अपने तीन सौ साथियों के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने बताया कि वह पुराना समाजवादी सिपाही हैं। अतहर खान भुट्टो ने बताया कि पूर्व सीएम की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने सपा को चुना है। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे।



प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज जयप्रकाश तिवारी।

### जिला जज ने प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मंगलवार को जिला न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी ने डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ जिला न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगामी 9 मार्च को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दीवानी/फौजदारी एवं राजस्व न्यायालय में लंबित मुकदमों के साथ प्री-लिटिगेशन, वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा । लोक अदालत में ट्रैफिक चालान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

### समीक्षा बैठक में समय से विकास कार्य कराने के निर्देश

**कानपुर देहात।** गांवों में विकास कार्य कराए जाने के संबंध में सीडीओ ने बीडीओ, सचिव आदि के साथ बैठक करते हुए पंचायतों में नवीन मॉडल गांव वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्मित आरआरसी संचालन की समीक्षा की। मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने सौ स्कूलों में कन्वर्जन के माध्यम से प्ले-जोन, ओपन जिम पार्क व चाइल्ड पार्क निर्माण एवं संचालन, वित्तीय वर्ष-2023-24 में स्वीकृत मॉडल गॉव में आरआरसी निर्माण एवं संचालन, 30 पंचायतों में नवीन माडल गांव, वित्तीय वर्ष-2022-23 में निर्मित आरआरसी संचालन, ब्लाकों में प्राप्त शिकायत के निस्तारण, 75 आंगनबाड़ी केंद्रों में कराए जाने वाले कायाकल्प संबंधी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को समयावधि के तहत एवं मानक के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिस अधिकारी व कर्मचारी को जो दायित्व दिए गए हैं। उसका अच्छे से पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला परियोजना अधिकारी वीरेंद्र कुमार, डीपीआरओ विकास पटेल मौजूद रहे।

### जैनपुर में कार की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर में शीतल पेय कंपनी के बॉटलिंग प्लांट के सामने हाईवे पार रहा फैक्ट्री कर्मी कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश के जनपद मुरैना के थाना जौरा के कैमरा गांव निवासी रविकांत त्यागी (40) अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित स्पर्श इंड्रस्ट्रीज में नौकरी करता था। सोमवार देर रात वह डयूटी पर जा रहा था। तभी जैनपुर स्थित एक शीतल पेय कंपनी के बॉटलिंग प्लांट के सामने कानपुर-झांसी हाईवे पार करते तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फैक्ट्री कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। फैक्ट्री में काम करने वाले लोगों ने परिजनों को जानकारी दी और घायल को जिला अस्पताल ले आए। यहां ईएमओ ने रविकांत को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी पर जिला अस्पताल पहुंची मृतक की पत्नी छाया देवी, पुत्री, रुचि, पिंकी, प्रीती, रश्मि समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिला अस्पताल से मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बेकाबू होकर तालाब में गिरी बाइक, एक की मौत

संवाददाता, रसूलाबाद

- इटावा के चकरनगर का रहने वाला था युवक, एक घायल

**अमृत विचार:** लालू गांव के समीप विषधन रसूलाबाद मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी, जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया।

इटावा के चकर नगर का सदमान ( 25 ) पुत्र आलम अली अपने भतीजे अलबक्स का मुण्डन कराने टेम्पो से परिवार के लगभग दर्जन भर लोगों के साथ मकनपुर जा रहा था। इस दौरान निभू के पास टेम्पो का पहिया पंचर हो गया। जहां से वह टेम्पो का टायर लेकर बाइक से अभिषेक के साथ लालू गांव पंचर जुड़वाने आ रहा था। इस दौरान लालू गांव के समीप विषधन रसूलाबाद मार्ग पर अचानक तीव्र मोड़ के आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी, जिससे बाइक सवार सदमान के तालाब में गिरने से मौके पर मौत हो गई। वही अभिषेक तालाब के बाहर जा गिरा। जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद पहुंचाया। जहां ईएमओ डॉ एन चंद्रा ने सदमान को मृत घोषित कर दिया। और घायल अभिषेक का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

# पैरामिलिट्री के साथ एसपी का रूट मार्च

**रनियां।** लोकसभा चुनाव की तिथि भले ही न घोषित हुई हो, लेकिन पुलिस व प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को एसपी ने पैरामिलिट्री जवानों के साथ कस्बे में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

मंगलवार को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीओ सदर तनु उपाध्याय ने पैरामिलिट्री जवानों के साथ कस्बे के चिटिकपुर, शिवाजी नगर, आंबेडकर नगर, बाजार रोड़, किशरवल रोड समेत पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में रूट मार्च किया। एसपी ने चुनाव में प्रशासन का सहयोग करने और सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी न करने की हिदायत दी। शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों कड़ी कार्रवाई होगी।

# रामभरोसे को मिला ऑटो स्टैंड ठेका

संवाददाता, रूरा



रूरा नगर पंचायत कार्यालय में ठेका बोली के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा में लगने वाले ऑटो स्टैंड के ठेकों की नगर पंचायत कार्यालय में बोली लगाई गई। साथ ही बाजार का ठेका भी उठाया गया है। ठेकेदार रामभरोसे सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाकर तीनों स्टैंड अपने नाम कर लिया।

रूरा कस्बे में तीन ऑटो स्टैंड संचालित हैं, जिनकी बोली अवधि पूरी हो चुकी थी। इसको देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी निलाव शाल्या, लिपिक राजेश रावत की मौजूदगी में कस्बे के 15 लोगों ने बोली में प्रतिभाग किया।

इस दौरान राम कांस्ट्रक्शन के मालिक रामभरोसे सिंह ने तीनों स्टैंड की सबसे ज्यादा बोली लगाई, जिसके चलते इनको 6.19 लाख रुपये में रूरा के तीनों ऑटो स्टैंडों का ठेका दे दिया गया। वहीं कस्बे में प्रति सप्ताह गुरुवार व सोमवार को हरी सब्जी की बाजार लगती है। जिसके ठेके का भी समय पूरा हो चुका था। बाजार ठेका की भी सबसे अधिक बोली रघुनाथ प्रसाद एंड संस ने 3.45 लाख रुपये लगाई, जिसे ठेका मिल गया।

### आलू-खोया और गुड़ मंडी की बोली आठ को

रूरा कस्बे में आलू मंडी, खोया मंडी, गुड़, बान, हड्डी-चमड़ा, सूत-सांता के ठेके भी उठाए जाते हैं। जिनकी समयावधि भी पूरी हो चुकी है। मंगलवार को इनकी बोली नहीं लगाई गई। नगर पंचायत लिपिक राजेश ने बताया कि इनकी 8 मार्च की सुबह 11 बजे बोली लगाई जाएगी।

## सियासी पैंतरेबाजी

### अकबरपुर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को भाजपा से टिकट मिलने पर स्वागत

# नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



संबोधित करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले और मौजूद जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी को झटका देते हुए अकबरपुर नगर पंचायत सीट से चेयरमैन व उनके पति ने भाजपा की सदस्यता ली है। वहीं अकबरपुर लोकसभा सीट से तीसरी बार सांसद देवेंद्र सिंह भोले को टिकट मिलने पर उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया।

मंगलवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले का कानपुर देहात की सीमा में जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इसके अलावा अकबरपुर, सिकंदरा, मुंगीसापुर, सेंगुर नदी पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने जय भोले, तय भोले, जय श्रीराम, भारत माता की जय आदि के नारे लगाते हुए जश्न मनाया। आतिशबाजी के बीच पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

वहीं समाजवादी पार्टी के टिकट से अकबरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बनी दीपाली सिंह व उनके पति जितेंद्र सिंह ने भाजपा की सदस्यता लेते हुए अकबरपुर में सांसद का स्वागत किया गया। उन्हें भाजपा पार्टी कार्यालय को में जिलाध्यक्ष व विधानसभा संयोजक ने सदस्यता दिलाई। रनियां क्षेत्र के उमरन ढाबा पर विशाल सिंह चंदेल व रनियां कस्बा में मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत मंडल, अध्यक्ष सुनील शर्मा, अभिषेक सिंह, शुभम तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिव विलास मिश्रा, पवन राजपूत, सुनील शर्मा, रविंद्र अवस्थी, कन्हैया कुशवाहा, रामजी मिश्रा, आशीष मिश्रा, बृजेंद्र सिंह, रामजी गुप्ता, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, सौरभ मिश्रा, शैलेंद्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा जिला आदि मौजूद रहे।

# मालखाना से जेवर गायब दो सिपाहियों पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सिकंदरा क्षेत्र में 13 साल पहले विवाहिता की मौत का मामला

**अमृत विचार।** सिकंदरा क्षेत्र में 13 साल पहले एक महिला के शव से बरामद जेवर पेश न करने पर कोर्ट ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। एएसपी की जांच के बाद दो पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सिकंदरा निवासी सुरेंद्र की पत्नी की वर्ष 2011 में मौत हो गई थी। इसमें दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने महिला के जेवर सील कर मालखाने में जमा किए थे। वर्ष 2015 में दोषमुक्त हुए पति सुरेंद्र कुमार ने कोर्ट में पत्नी के जेवर रिलीज करने का प्रार्थना पत्र दिया था। एडीजे/एफटीसी ने पुलिस को आभूषण पेश करने के आदेश दिए थे। पुलिस कोर्ट में आभूषण पेश नहीं कर सकी। कोर्ट ने 10 अक्टूबर 2023 को थाने के कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा था। वादी सुरेंद्र के अधिवक्ता रामनरेश मिश्रा ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की जांच करने के लिए एएसपी को निर्देशित किया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच करते हुए थाने में तैनात तत्कालीन हेड मुहर्रिर गिरीशचंद्र उपाध्याय व सुदामा लाल को दोषी पाया था। एसपी के आदेश पर दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एफआईआर की कॉपी अदालत भेज दी गई है।

# जिले में 30.38 करोड़ रुपये से बनेंगे चार मार्ग

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने 23.50 किमी बनने वाले मार्गों का किया शिलान्यास

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन बैच-एक के अंतर्गत विकास भवन सभागार में अकबरपुर सांसद ने रिमोट का बटन दबाकर 30.38 करोड़ रुपये की लगात से बनने वाले 23.50 किलोमीटर वाले चार मार्गों के शिलापट्ट का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में तैयार किए जा रहे संकल्प पत्र में आम जनता के समक्ष आने वाली कठिनाईयों एवं आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में ब्लाक स्तर पर दो दो-बेटियों पर आम जनता की राय जानी जाएगी।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करनेके लिए यह आवश्यक है कि हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर पूर्ण हो। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना-3 बैच-1 वर्ष 2023-24 के अंतर्गत विकासखंड मैथा में टी-15 जसापुर से शिवली तक एफडीआर तकनीक से चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण सड़क निर्माण कार्य लंबाई लगभग 5.600 किमी को 721.12 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा।


मार्गों निर्माण के शिलापट्ट का शिलान्यास करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

इसी तरह टी-12 भाऊपुर रेलवे क्रासिंग से पकड़ी शिवली रोड वाया भीखर-नौबस्ता तक एफडीआर तकनीक से चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण सड़क निर्माण कार्य लंबाई लगभग 5.070 किमी को 675.96 लाख रुपये की लागत से, एमआरएल 07 कालपी रोड से बनली से बिलई वाया गदनपुर तक सड़क निर्माण लंबाई 5.475 किमी 717.69 लाख रुपये से, एमआरएल 14 रनियां-सरवनखेड़ा से नाही ज्यूनिया तक एफडीआर तकनीक से चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण सड़क निर्माण लंबाई 7.43 किमी 923.70 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जाएगा। सभी की कुल लंबाई 23.5 किमी है। जिसे कुल लागत 30.38 करोड़ रुपये से पूरा किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और दुनिया का नेतृत्व करेगा। जहां आजादी के समय हमारे देश की इकोनॉमी 11 पर थी। वह आज पांचवें स्थान पर है। आने वाले समय में तीसरे तक पहुंचे, यह हमारी सरकार का लक्ष्य है। इस दौरान सीडीओ लक्ष्मी एन., कंचौसी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कोटेदार ने शिक्षकों पर पीटने का आरोप मढ़ा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** पिटाकपुर के स्कूल का राशन लेने गए शिक्षकों की कोटेदार में कहासुनी हो गई। कोटेदार का आरोप है शिक्षकों ने गालीगलौज व मारपीट कर दी।

पिटाकपुर के कमलेश कुमार की पत्नी पुष्पा देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कोटेदार है। दुकान से सरकारी स्कूलों का राशन भेजा जाता है। मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक राशन लेने आए थे। उसने राशन तौलकर ले जाने को कहा तो दोनों शिक्षकों ने राशन को गीला बताते हुए ले जाने से इंकार कर दिया और राशन के बदले नगद पैसा मांगा। सरकारी राशन के बदले पैसे न देने पर दोनों शिक्षकों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों के इकठ्ठा होने पर दोनों शिक्षक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष अजय कुमार पाठक ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटावा

पत्रांकः 3674/ज.नि.वि./अ.अ.नि.सू./2023-24 — दिनांकः 02.03.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त विभागों में पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वाँ वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्यो हेतु सील बन्द लिफाफे में कॉलम 7–के अनुसार नियत तिथि व स्थल में अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिनाक को अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाता / प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 11. 03.2024 को 01.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। धरोहर धनराशि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, इटावा के नाम बन्धक होगी। जिन निविदाओं के साथ धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 संलग्न नहीं होगी। उन निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताए सक्षम अधिकारी / अधिशाषी अधिकारी के पास निहित है। यदि निविदा डालने के दिनांक को किसी कारणवश कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जाएगी। निविदा डालने से पूर्व आगणन व कार्यस्थल का भलीभाँति निरीक्षण कर लें।

| क्रम | कार्य का नाम | धनराशि (रु. लाख) | धरोहर राशि | (नि.मूल्य+18%GST) = निविदा प्रपत्र मूल्य कर सहित | कार्य की अवधि | निविदा खुलने का स्थान व तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नौरंगाबाद में प्राइमरी स्कूल के सामने साबिर के मकान से जावेद के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 119200 | 10% | 400+72= 472 | 30 दिन | अधिशाषी अधिकारी कक्ष दिनांक ........... 12.03.2024 |
| 2 | वार्ड नं.-28 घटिया अजमत अली में देवेन्द्र कुमार एवं इरशाद के मकान के पास सीढ़ी एवं नाली निर्माण कार्य। | 149000 | 10% | 400+72= 472 | 30 दिन | |
| 3 | वृन्दावन कालौनी में रंजना के मकान वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 163500 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 4 | मो. पुरबिया टोला नालापार चूना चक्की पर दीपू के मकान से बल्लू के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 166600 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 5 | मो. पुरबिया टोला बाबा अतरदास की बगिया बल्लू के मकान के पास आर.सी.सी. स्लैब का कार्य। | 166800 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 6 | मो. छिपैटी में छुन्ना के मकान से अम्बरीश मिश्रा के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 173000 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 7 | वार्ड नं.-20 कमला कालोनी में राहुल यादव के मकान के पास सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 181100 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 8 | मो. छिपैटी मन्दिर से राजीव लोचन गौड़ के मकान तक एवं पाठक जी वाली गली में सी.सी. सड़क एवं इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य। | 106200 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 9 | वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में प्रेम बाबू के मकान से रामप्रकाश के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व सी.सी. सड़क व स्लैब निर्माण कार्य। | 217300 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 10 | वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में संतोष चौधरी के मकान से विमलेश अवस्थी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 219600 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 11 | वार्ड नं.-4 मो. शीतलपुर में रघुवीर एवं निर्मल वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 227900 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 12 | मो. फूलनदेवी डांड़ा सांई हॉस्पिटल से जगमोहन के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 239700 | 10% | 500+90= 590 | 30 दिन | |
| 13 | मो. कटरा फतेह महमूद खां राजपूत कालौनी में अहिवरन सिंह राजपूत के मकान से राधे रमन के के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 263300 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 14 | मो. पुरबिया टोला पजावा नाले के किनारे रामजीवन के मकान से कौशल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत कार्य। | 269500 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 15 | वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में चन्द्रशेखर के मकान से अजय पालीवाल के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 277300 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 16 | वार्ड नं.-15 मो. सती में जहीर आरा मशीन के पास गुलाम मोहम्मद के मकान से संजय कुमार शर्मा के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 279400 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 17 | वार्ड नं.-20 मोतीझील रोड इटावा एक्स-रे से मोतीझील चौराहा तक नाली एवं स्लैब का निर्माण कार्य। | 284700 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 18 | वार्ड नं.-26 मो. रामगंज चौराहे के पास नाले के किनारे इस्रईल के मकान से कदीर के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 291700 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 19 | वार्ड नं.- 10 मो. रामनगर में शशि भूषण के मकान से सुरेन्द्र यादव के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 296900 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 20 | वार्ड नं.- 26 कबीरगंज में ललित वर्मा के मकान से हाजी कदीर अहमद के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 305900 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 21 | मो. पुरबिया टोला नालापार में अमन के मकान के पास सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 320400 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 22 | वार्ड नं.- 35 मो. चौगुर्जी में अतुल पाण्डेय के मकान से मुकुल त्रिपाठी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 320800 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 23 | मो. पुरबिया टोला में बाबा अतरदास की बगिया पुलिया के पास नाले की दीवार एवं सी.सी. का कार्य। | 336700 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 24 | वार्ड नं.-33 मो. साबितगंज पश्चिमी में आशियाना होटल के सामने से अब्दुल लईक के मकान से होकर जहॉगीर के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 336700 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 25 | मो. सती में सती मठिया के पास चौक में एवं संजू वाली गली में सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 344400 | 10% | 600+108= 708 | 30 दिन | |
| 26 | मो. ओमपुरम कालौनी में गीतम के मकान से अनुराग के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 357900 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 27 | वार्ड नं.- 33 मो. चौकी शमशेरी पुलकहारान के पास प्रलय वाली गली एवं बॉबी स्टूडियो से पप्पू के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं सी.सी. सड़क व स्लैब निर्माण कार्य। | 358200 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 28 | मो. छिपैटी अबुधाबी में अरशद जमाल के मकान से मेराज अहमद के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 362500 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 29 | मो.छिपैटी अहीरन टोला मनीष के मकान से परशुराम के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य | 368700 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 30 | वार्ड नं.-12 मो. मेवाती टोला में इमामबाड़े के सामने चमन के मकान से नाले की पुलिया तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 371000 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 31 | मो. धूमनपुरा में चन्द्रभान के मकान से रामसेवक के मकान तक एवं पूरन सिंह वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 371700 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 32 | वार्ड नं.-11 मो.कटरा बलसिंह में प्रमोद के मकान से सोनेलाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य। | 379400 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 33 | मो. लालपुरा पूर्वी अस्तल मढ़ैया में रामबाबू अप्पा के मकान से रतनलाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 382300 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 34 | मो. पुरबिया टोला में बाबा अतरदास की बगिया के पास आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 390800 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 35 | वार्ड नं.-10 मो. रामनगर नईबस्ती लार्ड कृष्णा स्कूल के पीछे थान सिंह के मकान से सुनील के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 393400 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 36 | रामलीला रोड ट्रांसपोर्ट वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क से चमन भाई के गेट तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 406900 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 37 | मो. सिविल लाइन पुरानी दीवानी के पीछे रविशंकर पटेल वाली गली में सी.सी. सड़क एवं इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य। | 421000 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 38 | वार्ड नं.-38 नौरंगाबाद में सोहद के मकान से लेकर बड़ी पुलिया हनुमान मन्दिर तक सी.सी. सड़क एवं मोनू कठेरिया के सामने स्लैब निर्माण कार्य। | 430900 | 10% | 700+126= 826 | 30 दिन | |
| 39 | वार्ड नं.-3 नीलकण्ठ मन्दिर रोड मन्दिर के पास सी.सी. सड़क एवं रोका दीवार का निर्माण कार्य। | 460900 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 40 | मो. पुरबिया टोला नालापार चूना चक्की अनेर यादव, अरुण यादव एवं अजय के मकान के सामने इण्टर लॉकिंग सड़क मरम्मत का कार्य। | 476000 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 41 | मो. जटपुरा में पटी गली वाली गली में सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। (अरविन्द सिंह चौहान एडवोकेट) | 493000 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 42 | वार्ड नं.-28 घटिया अजमत अली नौरंगाबाद पुलिस चौकी के आगे आबकारी कोठी से लेकर शर्मा जी के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 497600 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 43 | वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में करूणाकर त्रिपाठी के मकान से एस.पी. सिंह चौहान के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 507000 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | अपर जिलाधिकारी कक्ष दिनांक ........... 12.03.2024 |
| 44 | पुरबिया टोला गामा देवी कालौनी नाथ बाबा की बगिया के पास अवस्थी के मकान से धनराज के प्लाट के आगे तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 529000 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 45 | मो. जटपुरा में आदेश गुप्ता के मकान से श्रीकृष्ण गुप्ता के मकान से होकर जय गुप्ता के मकान तक सी. सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 530400 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 46 | गामा देवी कालौनी में बाबूराम के बगल वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 530800 | 10% | 800+144= 944 | 30 दिन | |
| 47 | वार्ड नं.- 32 मो. पक्की सराय रोड से शेख जलाल मस्जिद तक इण्टरलॉकिंग सड़क, मरम्मत एवं हाशिम के मकान से लल्ला, मजार के पास, अनीस वाली गली में सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 556600 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 48 | वार्ड नं.- 31 मो. फ्रेण्डस कालौनी में बीरेन्द्र के मकान से चक्की तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 579100 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 49 | मो. ओम शान्ती कालौनी वाइसख्वाजा रोड पर प्रदीप चौहान के मकान से श्रीनरायन के मकान तक इण्टर लॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 581900 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 50 | जिला उद्योग बन्धु पानी की टंकी के सामने से जैन मन्दिर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य। | 600000 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 51 | वार्ड नं.- 39 मो. पुरबिया टोला में रामबाबू के मकान से चुन्नू के मकान से होकर अनुप के मकान तक एवं चन्द्रशेखर वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली स्लैब निर्माण कार्य। | 608000 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 52 | मो. बसुन्धरा कालौनी में नीलम कठेरिया के मकान से सविता कुमारी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 627700 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 53 | मो. सांई बिहार कचौरा रोड पर गिरेन्द्र वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 628800 | 10% | 900+162= 1062 | 30 दिन | |
| 54 | मो. शिवपुरीशाला पचावली रोड पर दुर्योधन के मकान से योगेन्द्र के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 660000 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 55 | वार्ड नं.-38 नौरंगाबाद में लोधी अनीता वर्मा जी के मकान से दुबे जी कंट्रोल वालों के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 666800 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 56 | मो. अडडा गूलर में राम बहादुर के मकान से भीखम सिंह के मकान से होकर भगवान दास के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 670400 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 57 | वार्ड नं.-28 मो. घटिया अजमत अली में नौरंगाबाद रोड वकील बैग हाउस से मुनीष भाई के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 688200 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 58 | शमशान घाट पर दाह संस्कार के लिए चबूतरों का मरम्मत कार्य। | 718700 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 59 | वार्ड नं.-33 मो. साबितगंज भाड़ो वाली गली में शानू के मकान से जहीर के मकान तक, मेराज के मकान से साबितगंज रोड तक एवं गोपाल के मकान से स्टेशन रोड तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 736700 | 10% | 1000+180= 1180 | 30 दिन | |
| 60 | मो. उसरा अडडा चक्की के सामने से गैस गोदाम तुलसी अडडा रोड तक सड़क मरम्मत का कार्य। | 765300 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 61 | उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट शाहकमर में फर्श टाइल बालक एवं बालिका मूत्रालय एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य। | 782300 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 62 | वार्ड नं.- 14 मो. धूमनपुरा में जयसी राम के मकान से किस्मत सिंह के मकान से होकर मिजाजी लाल के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 788000 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 63 | वार्ड नं.-18 मो. शिवशक्ति कालौनी कचौरा रोड पर मीरा देवी के मकान से प्रहलाद एडवोकेट के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 801800 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 64 | प्राथमिक विद्यालय पुरविया टोला में कमरों में फर्श टाइली बालक एवं बालिका एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य। | 806700 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 65 | वार्ड नं.-31 मो. फ्रेण्डस कालौनी में एम.के.डी. मार्ट से अजय सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 808300 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 66 | मो. पीपल अडडा में रामबाबू के मकान से रामदास के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 814000 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 67 | वार्ड नं.-4 गामा देवी कालौनी में राहुल वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं सोहन सिंह वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली व स्लैब निर्माण कार्य। | 825600 | 10% | 1100+198= 1298 | 30 दिन | |
| 68 | वार्ड नं.-39 मो. पुरबिया टोला पजावा नखासा रोड मन्दिर से सत्ते के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 872200 | 10% | 1200+216= 1416 | 30 दिन | |
| 69 | वार्ड नं.- 34 मो. उझैदी में गुडडू के मकान से जैन साहब के मकान से शाहरूख के मकान से होकर रहीसुददीन के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 886500 | 10% | 1200+216= 1416 | 30 दिन | |
| 70 | वार्ड नं.-1 मो. बगिया अडडा में पवन के मकान से दशरथ टेलर के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 912600 | 10% | 1200+216= 1416 | 30 दिन | |
| 71 | वार्ड नं.-09 मो. वृन्दावन कालौनी में राम औतार पुजारी के मकान से विपिन पाठक के मकान तक इण्टर लॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 917500 | 10% | 1200+216= 1416 | 30 दिन | |
| 72 | वार्ड नं.-27 मो. कटरा साहब खां में नोशे हाजी के मकान से इमामबाड़ा होकर गुप्ता जी के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 944700 | 10% | 1200+216= 1416 | 30 दिन | |
| 73 | मो. गांधीनगर में गुप्ताजी के मकान से ऐवरन सिंह के मकान तक सी.सी. सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 956000 | 10% | 1300+234= 1534 | 30 दिन | |
| 74 | शमशानघाट के पास बने हॉल में टाइलीकरण कार्य। | 984300 | 10% | 1300+234= 1534 | 30 दिन | |
| 75 | बलराम सिंह चौराहा के पास राधिका स्टेशनरी की दुकान से अजय स्वीट हाउस की दुकान से दिनेश के मकान से होकर मन्दिर तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य। | 987700 | 10% | 1300+234= 1534 | 30 दिन | |

**अन्य शर्तेः निम्नलिखित सभी शर्ते अनिवार्य हैं।**

1. किसी भी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास निहित होगा।
2. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व उ.प्र. भवन एवं कर्मकार (नियोजन तथा सेवा) शर्त विनियमन अधिनियम-2005) के तहत श्रमिक कर्मचारी के कल्याणार्थ श्रम विभाग से पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा एवं इस सम्बन्ध में साक्ष्य बिड के साथ संलग्न करने होंगे।
3. शर्त युक्त एवं एकल निविदा मान्य न होगी।
4. निविदा में उल्लिखित दरें कटिंग/ओवर राइटिंग के रूप में स्वीकार नहीं की जायेगी।
5. दरों का उल्लेख आगणन से कम/अधिक प्रतिशत में शब्दों व अंकों में स्पष्ट रूप से किया जायेगा।
6. लिफाफे के ऊपर कार्य का क्रमांक व कार्य के नाम का स्पष्ट उल्लेख अवश्य करें।
7. निविदा सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
8. कार्य की समय-समय पर जांच प्रतिष्ठित प्रयोगशाला से कराया जाना अनिवार्य होगा। जांच रिपोर्ट में यदि कोई सामग्री मानक के विपरीत पायी जाती है, तो सम्बन्धित कार्य को तोड़कर पुनः ठेकेदार अपने हर्जे-खर्चे पर ठीक किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस कार्य में कोई अतिरिक्त भुगतान नगर पालिका द्वारा नहीं किया जायेगा।
9. निविदादाता को शासन/निदेशालय/नगर पालिका द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
10. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
11. अपराधी रिकार्ड रखने वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
12. बिड के साथ समस्त सूचना सही होने सम्बन्धी शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का 100 रु. के स्टाम्प पर ही प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग मान्य होगा तथा शपथ पत्र पर कार्य का नाम भी अंकित करना अनिवार्य होगा।
13. निविदाओं में आवश्यक प्रपत्र (हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग पंजीकरण, जी.एस.टी. का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड) लगाना अनिवार्य होगा।
14. ऐसे राजपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जो राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की सेवा से दो साल सेवानिवृत्ति के पूर्ण नहीं हुए है, को कार्य करने की अनुमति बिना राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की अनुमति बिना नहीं दी जायेगी। यदि कोई सेवानिवृत्त अभियन्ता/अधिकारी बिना सरकार की अनुमति के कार्य करते हुए पाये जायेंगे तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा तुरन्त निरस्त कर दी जायेगी।
15. ऐसे निविदादाता जिनका कोई सगा सम्बन्धी (First Blood Relations & Their Spouses) जैसा कि खण्डीय लेखा अधिकारी, अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अधिशाषी अधिकारी के पद पर आसीन होंगे को कार्य करने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी।
16. निविदा से सम्बन्धित समस्त साक्ष्य/अभिलेखों को पठनीय एवं स्वच्छ प्रतियों में उपलब्ध करायें। अपठनीय साक्ष्य/अभिलेख मान्य नहीं होंगे तथा अपठनीय साक्ष्य/अभिलेख होने की दशा में निविदादाता की बिड अपात्र घोषित कर दी जायेगी।
17. प्रत्येक निविदा हेतु अलग-अलग 100 रु. के स्टाम्प पर टी-6 निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का ही लगाना अनिवार्य होगा। यदि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर टी-6 प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
18. निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के उपरान्त 01 वर्ष तक अनुरक्षण/रख-रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।
19. निविदा खोलने की दिनांक को किसी कारणवश कोई अवकाश घोषित हो जाता है कि तो निविदा अगली तिथि को खोली जायेंगी निविदा डालने से पूर्व आंगणन व कार्य स्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।
20. शासनादेशानुसार निविदा 10 प्रतिशत बिलों जाने की स्थिति में 0.5 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलों डालने पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त परफोरमेन्स गारण्टी के रूप में एफ.डी.आर. L-1 आने की स्थिति में 01 सप्ताह के अन्दर दिया जाना अनिवार्य होगा। जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, इटावा के नाम बन्धक होगी। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
21. शर्तों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

**अवर अभियन्ता** — **नगर पालिका परिषद, इटावा**
**सहायक अभियन्ता** — **नगर पालिका परिषद, इटावा**
**अधिशाषी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, इटावा**
**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, इटावा**

## एक नजर

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** किशनपुर पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान रामपुर गांव निवासी इन्द्रजीत सिंह उर्फ टिर्रा पुत्र गया सिंह के रूप में बताई है।

### गायब युवती बरामद

**औंग।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नवम्बर महीने में एक युवती गायब हो गई थी। मामले की रिपोर्ट उसके परिजनों ने दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस की जांच चल रही थी। चार महीने बाद क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर मनोज कुमार पाण्डेय ने कस्बे से युवती को बरामद किया है। पुलिस ने युवती को सुरक्षा की दृष्टि से नारी निकेतन भेजा है। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्यवाही कोर्ट के आदेश पर की जाएगी।

### 42 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर मंगलवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 42 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं पांच लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई भी की गई है।

# राशन कार्ड और आधार कार्ड के फेर में उलझे आयुष्मान लाभार्थी

## नाम, उपनाम व पता में मामूली सा अंतर मिलने से फेल हो रहा वेरीफिकेशन

संववादाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज देने के लिए सरकार ने आयुष्मान योजना की शुरुआत की थी। योजना की शुरुआत हुए पांच साल से अधिक समय बीत चुका है लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम आयुष्मान कार्ड ही बन सके हैं। ऐसे में गंभीर बीमारी होने पर जरूरतमंदों को समय से इलाज नहीं मिल पा रहा है।

लोगों को बेहतर इलाज देने के उद्देश्य से साल 2018 में जिले में आयुष्मान योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत 11.87 लाख कार्ड और 2.63 लाख परिवारों को कवर करने का लक्ष्य है।




- आयुष्मान एप से घर बैठे कार्ड बनाने को किया जा रहा जागरूक

इसके सापेक्ष बीते पांच साल में महज सात लाख के करीब कार्ड ही कवर किए जा सके हैं। ऐसे में लगभग चार लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल सका है। जानकारों की माने तो आयुष्मान कार्ड न बनने का सबसे बड़ा कारण राशन कार्ड और आधार कार्ड में नाम का मिसमैच होना है। आधार व राशन कार्ड में नाम का स्पेलिंग, उपनाम, पता समेत अन्य जानकारियों में जरा सा अंतर भी होने पर वेरीफिकेशन फेल हो जाता है और कार्ड रिजेक्ट हो जाता है। वही सर्वर की दिक्कतें भी परेशान कर रही हैं। अधिकांश समय सर्वर न होने से भी लाभार्थियों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। यदि सर्वर ठीक रहे और आधार व राशन कार्ड की जानकारियां वैरिफाई हो जाएं तो आयुष्मान कार्ड तुरंत बन जाता है।

### अब घर बैठे बनाएं आयुष्मान कार्ड

लाभार्थियों की सहूलियत के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री (जन आरोग्य योजना) आयुष्मान एप की शुरुआत की है। इसको प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करें। ओटीपी दर्ज कर एप पर लॉगिन करें। इसके बाद प्रदेश, जिला और ग्राम पंचायत का विकल्प चुनें। योजना मंप शामिल होने पर परिवार के सदस्यों के नाम आ जाएंगे।

"अब लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जनसेवा केंद्र के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। एप के जरिए घर बैठे कार्ड बनाया जा सकता है। लोगों को जागरूक करने के लिए आयुष्मान आपके द्वार अभियान की शुरुआत हो चुकी है। स्वास्थ्यकर्मी एप की जानकारी दे रहे हैं।

–डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

# जहानाबाद में सड़कों की हालत खस्ताहाल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** कोड़ा जहानाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष सैयद आबिद हसन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को मांग पत्र सौंपा है। कहा कि आदर्श नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद के तहत नगर विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्रेड योजना के तहत नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद का नाम प्राथमिकता के आधार पर चयनित करते हुए इसका सुंदरीकरण कराया जाए।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नगर पंचायत अति पिछड़ा निकाय है। जिसमें विकास के लिए सबसे कम धनराशि अवमुक्त होती है। नगर पंचायत में सड़कों की स्थिति बहुत खराब है और विकास न होने से क्षेत्र की जनता परेशान है। कहा कि सीएम ग्रेड योजना चल रही है जिसके अनुसार नगर पंचायत के अधिकतम मार्ग, नाले, बारातशाला, पार्क सुंदरीकरण आदि कार्यों के लिए नगर पंचायत के बने हुए प्रोजेक्ट को धन अवमुक्त करने के संबंध में नगर विकास विभाग के अनुभाग एक को प्रेषित करना जरूरी है। कहा कि नगर विकास विभाग द्वारा सीएम ग्रेड योजना के तहत दस करोड़ रुपए के बने हुए प्रोजेक्ट को नगर पंचायत को चयनित करते हुए नगर विकास विभाग के अनुभाग एक को प्रेषित कराया जाए।

साथ ही यह भी बताया कि नगर पंचायत में राजराजेश्वर बड़े बाबा पौराणिक शिव मंदिर के सुंदरीकरण के लिए नगर विकास विभाग की वंदन योजना के तहत नगर पालिका को चयनित करते हुए दो करोड़ की धनराशि के प्रोजेक्ट को अनुभाग एक नगर विकास को प्रेषित कराया जाए। प्रसिद्ध ईदगाह की भूमि को सुरक्षित रखते हुए अगल-बगल के किसानों द्वारा ईदगाह की भूमि को जबरन कब्जा कर लिया गया है, उसे कब्जा मुक्त कराया जाए।

कहा कि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। क्षेत्र स्थित सिठर्रा मार्ग में बनी प्रसिद्ध ईदगाह की चारों ओर की जमीन को पैमाइश कर नगर पंचायत द्वारा चारों तरफ तारबंदी करने के लिए संबंधित राजस्व के अधिकारी व कर्मचारियों को आदेशित किया जाए।



नगर पंचायत अध्यक्ष सैयद आबिद हसन ने डीएम को सौंपा मांग पत्र। अमृत विचार

# हंगामे की आशंका पर ठिठक गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सड़क चौड़ीकरण में अड़चन बने अतिक्रमण को गिराना था
- बकेवर क्षेत्र में हुई हत्या में पुलिस प्रशासन हुआ व्यस्त

**अमृत विचार।** बिंदकी से जहानाबाद मुगल मार्ग सड़क चौड़ीकरण में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को बिंदकी में बुलडोजर चलवाने की की कार्यवाही घोषित थी। नगर पालिका परिषद अधिकारी व कर्मचारी तथा प्रशासन चार बुलडोजरों के साथ मुगल मार्ग में नगर पुलिस चौकी के पास पहुंच भी गए। लेकिन थाना बकेवर के कंसाही गांव में हत्या के मामले में लॉ एंड आर्डर की समस्या आने पर कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि बुलडोजर को देख खुद ही अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया।

बिंदकी से जहानाबाद मुगल मार्ग सड़क चौड़ीकरण के साथ ड्रेनेज निर्माण मार्ग के दोनों ओर कराया जा रहा है। इसके पूर्व में लोक निर्माण खण्ड-2 अतिक्रमण करने वाले स्वामित्त 83 लोगों को नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण खुद से हटा लेने का नोटिस जारी किया था। नोटिस पाते लोगों में खलभली मच गई थी। कुछ ने अतिक्रमण हटा लिया, कईयों ने अभी सुध नहीं ली। जो प्रशासन के साथ लोक निर्माण विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है।

### बुलडोजर पहुंचते ही सकते में आए अतिक्रमणकारी

जैसे ही बुलडोजर के साथ प्रशासनिक अमला पहुंचा तो लोगों में बेचैनी बढ़ गई। कार्यवाही होती देख लोगों की भीड एकत्र होने लगी थी लेकिन दोपहर बाद अचानक आगे की कार्यवाही रोक दी गई। जिससे स्वामित्त ने राहत की सांस ली। वहीं पुलिस प्रशासन को देख कुछ लोग खुद से ही अपना अतिक्रमण तोड़ने लगे।

### बोले जिम्मेदार

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 ने बताया कि बिंदकी से बकेवर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा नाला का निर्माण कराया जा रहा है। नाले के निर्माण में 83 व्यक्तियों के अतिक्रमण पाये जाने पर उन्हे पूर्व में नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही मंगलवार को नियत की गई थी, लेकिन रात में गांव कंसाही थाना बकेवर में घटना होने के बाद बिंदकी सर्किल का फोर्स बकेवर में व्यस्त होने के कारण कार्यवाही स्थगित करते हुए अग्रिम नियत तिथि तय की जाएगी।

# चार महीने से अधूरा पड़ा नहर पुल का निर्माण

**बिंदकी फतेहपुर।** पिछले चार महीने से नहर पुल का निर्माण अधूरा पड़ा है। जिसके कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। महज एक किमी की दूरी को 20 किमी दूरी तय करने के बाद पहुंचना पड़ रहा है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी का माहौल है। समस्या को लेकर मंगलवार को विधायक मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिया कि जल्द पुल का निर्माण कराया जाए। खजुहा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत जोनिहा-अमौली मार्ग में शहजादीपुर गांव के सभी निचली गंगा नहर का पुल निर्माणाधीन है। पिछले चार माह से नहर पुल का निर्माण पूरी तरह से बंद पड़ा है। जिसको लेकर आवागमन पूरी तरह से ठप है। लोगों को नहर पुल से जोनिहां तक एक किमी जाने के लिए कटिलिहा होकर लालपुर होते हुए बिंदकी से वापस जोनिहा 20 किमी जाना पड़ता है।

# महाकाल एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों में खुशी

संवाददाता फतेहपुर

- केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने दिखाई हरी झंडी

**अमृत विचार।** दोआबा की जनता को सोमवार की रात एक और ट्रेन की सौगात मिल गई है। महाकाल एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों में खुशी साफ देखी जा रही है। सोमवार की रात केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए स्टेशन से रवाना किया।

काशी महाकाल एक्सप्रेस वाराणसी जंक्शन से उज्जैन होते हुए इंदौर तक जाएगी। जिसका ठहराव अब फतेहपुर स्टेशन में भी रखा गया है। उज्जैन जाने के लिए कोई ट्रेन न होने के कारण काफी समय से ट्रेन की मांग चल रही थी। अब काशी महाकाल एक्सप्रेस का ठहरराव फतेहपुर स्टेशन में दिया गया है। बताया कि यह ट्रेन हर शनिवार को उज्जैन को जाएगी। इस मौके पर साध्वी निरंजन ज्योति ने दोआबा की जनता को बधाई दी। कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को विकास से जोड़ना है।



ट्रेन को हरी झंडी दिखातीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देतीं डीएम सी इदुमती। अमृत विचार

### पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को कराएं सही: डीएम

**फतेहपुर।** जल जीवन मिशन के तहत जिले में कराए जा रहे कार्यो की हकीकत जानने के लिए मंगलवार डीएम सी. इंदुमती ने समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के निर्माण एवं हर घर जल के अन्तर्गत गांवों में बिछाई जा रही पाइप लाइन के कार्यो की प्रगति जानी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि टंकी के निर्माण व पाइप लाइन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द पूरा कराएं। इसके लिए मैन पावर बढ़ाकर कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जो सड़क की खुदाई की जाती है, उसका पुन: निर्माण उसी प्रकार किया जाए। कहा कि जिन स्थानों पर भूमि विवाद है, संबंधित उप जिलाधिकारी से व्यक्तिगत कार्यदायी संस्थाएं मिलकर निस्तारण कराएं। अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि जो अधिकारी, कर्मचारी कार्य कर रहे हैं और कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण सौमित्र श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट को-कॉर्डिनेटर राजमुनी यादव, आईएसए को-कॉर्डिनेटर शिवबहादुर, जीआईएस एक्पर्ट प्रवीण कौशिक आदि सम्बंधित मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बच्ची झुलसी

**असोथर।** थाना क्षेत्र के बुधरामऊ गांव निवासी सुरेश रैदास की नौ वर्षीय बेटी शालिनी सोमवार की शाम छत पर कपड़े फैलाने गई थी। जहां छत के बराबर से हाईटेंशन लाइन निकली है। जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे एंबुलेंस के माध्य से गाजीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### हाईवे किनारे बना टेंपो स्टैंड, हादसे का खतरा बढ़ा

**थरियांव।** कानपुर प्रयागराज हाईवे के थरियांव पूर्वी ओवर ब्रिज के किनारे अवैध टेंपो स्टैंड स्थापित हो चुका है। बता दें कि थरियांव थाने के पीछे हाईवे किनारे वाहन खड़े होने से हादसो का खतरा बढ़ गया है। हाईवे की सर्विसलेन होने के कारण वाहन का आना-जाना लगा रहता है। जिससे जाम व किसी हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं इस लेन से भारी वाहन भी गुजर रहे हैं। जिससे जाम की स्थिति बन जा रही है। शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए हाईवे में टेम्पो स्टैंड बना दिया गया है।



बूढ़ेश्वर महाराज मुसाफा से निकली कलश यात्रा। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ की हुई शुरुआत

**बकेवर, फतेहपुर।** देवमई ब्लाक के मुसाफा स्थित श्री बूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर में 42वें वर्ष हो रही रुद्र महायज्ञ एवं रासलीला के पूर्व मंगलवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। प्राचीन शिव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं रासलीला की शुरुआत हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। हर-हर महादेव, बम भोले के जयघोष से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में डीजे, बैंडबाजा आकर्षण का केन्द्र रहे। नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिए कलश यात्रा शाम पांच बजे निकाली गई। लड़कियां, महिलाएं कलश लेकर मुसाफा गांव किनारे स्थित निचली रामगंगा नहर से कलशों में जल भर कर यज्ञ मंडप में रखा। इस वर्ष यज्ञ के मुख्य यजमान आशीष गुप्ता पत्नी के साथ यात्रा में गाजे-बाजे के साथ रहे। 151 की संख्या में कन्याओं और महिलाओं ने कलश उठाया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर मुसाफा चौराहा होते हुए नहर पर पहुंची। मुख्य आचार्य शिवकांत शास्त्री, वैदिक विश्वास, अतुल शुक्ला, शिवकेश मिश्रा, वैष्णव प्रसाद तिवारी, सहित यज्ञाचार्यों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भराया। मंदिर में विधि विधान से यज्ञ मंडप में कलश स्थापित कराया गया। अमित तिवारी, गौरव शुक्ला, शिवा शुक्ला, मोहित दीक्षित, ईशू तिवारी, दीपक, संजय, प्रशांत, सोमनाथ तिवारी, हर्षित रहे।

### सात किलो गांजा के साथ शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस को मंगलवार सुबह बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर कोई ओवरब्रिज के नीचे से तीन संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी दौरान उनके पास से सात किलो गांजा, चार एंड्रायड मोबाइल, दो सौ रुपये, दो बाइकें बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपितों ने अपनी पहचान कानपुर नगर के गोविन्द नगर निवासी सचिन शर्मा पुत्र स्व. रामबाबू शर्मा, शहर के पनी मोहल्ला निवासी नीरज साह पुत्र स्व. जगतपाल और धाता थाने के गलेहरा निवासी विवेक सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह के रूप में बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों को कोर्ट में पेश किया है।

### अलाव तापते समय बालिका झुलसी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के वर्मा चैराहा निवासी राजू की पुत्री मीनाक्षी मंगलवार सुबह अपनी सहेलियों के साथ घर के पास ही अलाव जलाकर ताप रही थी। तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। शोर-शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बालिका के शरीर में लगी आग को बुझाते हुए उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# मकान की तराई करते समय युवक की मौत

संवाददाता असोथर

- पुलिस को सूचना दिए बिना ही कर दिया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** असोथर निवासी राजू मोदनवाल का पुत्र संदीप गुप्ता उर्फ बच्ची गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सोमवार को खाना खाकर सोने चला गया था। भोर पहर पड़ोसियों ने उसका शव पड़ा देखा तो लोगों के होश उड़ गए।



संदीप गुप्ता

जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उनके घर का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसके चलते सभी परिवारीजन दूसरे मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर रहते थे। घर का बड़ा पुत्र होने के नाते संदीप अपने निर्माणाधीन घर पर ही रात को रहकर सामान और सुबह उठकर दीवार की तराई किया करता था। छोटे भाई गोलू ने बताया कि भाई को ब्लड प्रेशर की बीमारी थी, आशंका है कि ब्लड प्रेशर या सबमर्सिबल में करंट लगने की वजह से गिर गए हों और उठ न पाएं हो। सबमर्सिबल चल रहा था जिससे उनके नीचे से पानी बह रहा था। जिस कारण करंट लगने या ब्लड प्रेशर से उनकी मौत हो गई है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# स्वास्थ्य शिविर लगा कर बांटी गई निःशुल्क दवाएं

**जाफरगंज।** विकास खंड अमौली के पांडेयपुर गांव में मंगलवार को भूमि संरक्षण एवं राष्ट्रीय जलागम, पशुपालन विभाग द्वारा मंडी समिति में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग तीन सैकड़ा पशुओं का पंजीकरण किया गया।

अधिकांश पशुपालकों के पशुओं को फाइबर मैट्रिक एवं कीड़ों की दवाएं वितरित की गईं। डॉक्टर अनिल सचान एवं पशुधन अधिकारी डॉक्टर रमेश वर्मा ने समय समय पर पशुओं को टीके लगवाए जाने की सलाह दी।

इस मौके पर पैरावीट शैलेंद्र कुमार, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में पशुपालक किसान मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर सज रहे शिवालय

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिव आराधना का प्रमुख पर्व महाशिवरात्रि 8 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी। जिले के पौराणिक व ऐतिहासिक शिवालय लोगों की आस्था व आराधना के प्रमुख केंद्र हैं। महापर्व शिवरात्रि के मौके पर आस्था का ज्वार उमड़ता है। शहर के शिवालयों समेत ग्रामीणांचलों में स्थित शिवालयों में बड़ी संख्या में कांवरिए भी जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इन शिव मंदिरों की ख्याति जिले में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों तक हैं। इसके लिए मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

**शहर के ताम्बेश्वर मंदिर में उमड़ेगा आस्था का ज्वार:** महापर्व शिवरात्रि के मौके पर शहर स्थित ताम्बेश्वर मंदिर में भी अस्था का ज्वार उमड़ेगा। बड़ी संख्या में कावरिए व श्रद्धालु यहां जलाभिषेक को पहुंचेंगे। भोर पहर से ही मंदिर के आसपास हर हर महादेव गूंजेगा। मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं व कांवरियों के मद्देनजर तैयारियां शुरू हो गई हैं।



शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में हो रही तैयारी। अमृत विचार

### थवईश्वर मंदिर में लगेगा मेला

बहुआ क्षेत्र में स्थित थवईश्वर मंदिर सुख व समृद्धि का दायक है। यहां महाशिवरात्रि में बड़ी संख्या में लोग पूजन व जलाभिषेक को पहुंचते हैं। भक्तों की भीड़ की सहुलियत के लिए मंदिर प्रशासन व्यवस्थाएं करने में जुट गए हैं। वहीं परिसर में मेला का भी आयोजन किया जाता है। जहां लोग अपने घर-गृहस्थी का सामान खरीदते हैं।

**लापरवाही पर गुस्सा** | कानपुर-बिंदकी रूट की इलेक्ट्रिक बस सेवाएं ढाई महीने से बंद चल रही हैं, प्रतिदिन आवागमन करने वालों में रोष

# इलेक्ट्रिक बस सेवा बहाल नहीं हुई तो आधी आबादी करेगी आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** करीब ढ़ाई माह से कानपुर-बिंदकी रूट की इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बंद है। जिससे यात्रियों एवं व्यापारी समेत छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन नहीं कराया जाना विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। इसको लेकर खासकर महिलाएं काफी खफा हैं। उन्होंने चेतावनी लहजे में कहाकि यदि सेवाएं बहाल नहीं की गई तो आंन्दोलन करने को बाध्य होंगी। कहाकि साधन के अभाव में यात्रियों को घंटो जूझना पड़ता है, इस मामले पर विभागीय अफसरों की खामोशी का खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

बिंदकी व्यवसायिक नगरी है। जिले सहित कानपुर शहर के अलावा कानपुर देहात, उन्नाव, रायबरेली, बांदा के सीमावर्ती से व्यापार जुड़ा है। एक साल पहले इन बसों के संचालित होने पर लोगों में आस जगी थी कि कानपुर-बिंदकी का आवागमन सुगम होने से साथ किराया दर भी सस्ती होगी लेकिन इन इलेक्ट्रिक बसों में साल भर में ही नजर लग गई। बसों के संचालन के बाद कारोबार तो बढ़ा लेकिन फिर उम्मीदें टूटने लगी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक यात्रियों के सहूलियत के लिए कानपुर-बिंदकी मार्ग में 16 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया था। जिनके चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी। इलेक्ट्रिक बसों के बंद होने के बाद से रोडवेज बस स्टाप बिंदकी में साधन में इंतजार में यात्रियों को घंटो राह ताकनी पड़ रही है। बताया गया कि 16 व 17 दिसंबर को कानपुर-बिंदकी को चलने वाली सभी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बंद कर अयोध्या भेज दी गई थीं। जिन्हे दोबारा संचालित नहीं किया गया। इसी तरह जहानाबाद-कानपुर को चलने वाली बसों को भी बंद कर दिया गया है। जिससे बिंदकी व जहानाबाद के बाशिंदे परेशान हैं।

### व्यापार मंडल भी खफा

महिला व्यापार मण्डल की पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में कहाकि महिलाओं की समस्याओं का निराकरण कराना जहां उनकी प्राथमिकता में शामिल है। वह जन समस्याओं के प्रति भी गंभीर हैं। इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद होने के बाद से यात्री आवागमनके लिए जूझते रहते हैं। वे स्थानीय प्रशासन के साथ विभागीय अफसरों से मांग करती हैं कि उक्त बस सेवा को जल्द से जल्द बहाल कराया जाए अन्यथा महिलाएं आंदोलन को बाध्य होंगी।

### बसों का संचालन नहीं कराया जाना विभाग की बड़ी लापरवाही



बिंदकी व जहानाबाद क्षेत्रवासियों की सुविधाओं के लिए इलेक्ट्रिक बसें चलवाई गई थीं। जिन्हे दो माह पहले बंद कर दिया गया। अब लोग समस्या से जूझ रहे हैं। बसो का संचालन नहीं कराया जाना विभाग की बड़ी लापरवाही है। महिलाओं को आंदोलन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है।

–सुनीता श्रीवास्तव



इलेक्ट्रिक बसों के बंद होने से नगरवासी, क्षेत्रवासी, व्यापारी व छात्रों के अलावा आसपास के जनपदों से आने जाने वाले लोग जूझ रहे हैं। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से जहां यात्रा सुगम हो गई थी वहीं कारोबार में इजाफा देखने को मिला। अचान बसों के बंद कर दिए जाने के बाद से हालात ऐसे पैदा हो गए हैं कि साधन के अभाव में लोग घंटों जूझते हैं।

–किरन सोनी



"वातानुकुलित, आरामदायक सीटें बड़े-बड़े शीशे बाहर का साफ नजारा, बस के भीतर भी ध्वनि प्रदूषण न होने के बराबर, शांत वातावरण ऐसी बसों में चलना सभी को भा रहा था। इनके बंद होने के बाद लोगों में मायूसी देखने को मिली।

–स्वाती ओमर, महिला व्यापार मण्डल अध्यक्ष बिंदकी



इलेक्ट्रिक बसों में यात्रा करने के लिए लोग उत्साहित रहते हैं। इन बसों के संचालन दौरान रोडवेज बस स्टाप बिंदकी में कुछ समय के लिए बस नहीं होने पर यात्री इलेक्ट्रिक बस सेवा सुगम होने से इंजतार करते थे। कानपुर-बिंदकी का किराया रोडवेज बस में 92 रूपये जबकि इलेक्ट्रिक बस 69 रूपये प्रति यात्री किराया है। सस्ते किराये में सफर करना और आसान हो गया। बंद होने से गंभीर समस्या बन गई।"

–दीपिका ओमर

# एंटी करप्शन टीम के दोनों गवाह मुकरे

## एएसपी एंटी करप्शन ने दूसरे दिन भी की जांच, वायरल फुटेज के असली वीडियो पेन ड्राइव में सौंपे गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय के लिपिक विमल पांडेय को पकड़ने में एंटी करप्शन टीम के साथ आए दो सरकारी गवाह भी मुकर गए हैं। एंटी करप्शन की एएसपी इंदुप्रभा सिंह ने जब चकबंदी विभाग के कनिष्ठ सहायक श्रीकांत यादव और सारणीयक मनीष कुमार से पूछा तो दोनों ने साफ मना कर दिया कि उन्होंने लिपिक को रुपये लेते हुए नहीं देखा था। ऐसे में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई पूरी तरह संदेह के घेरे में आ गई है। आधिकारिक बयान में एएसपी ने बताया अभी जांच चल रही है, जो बुधवार तक पूरी हो जाएगी और इसकी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक (एंटी करप्शन) लखनऊ राजेश कुमार को सौंपेंगी, वही इस पर निर्णय लेंगे।

मंगलवार को बीएसए कार्यालय दोबारा पहुंचीं एएसपी ने बंद कमरे में सभी कर्मचारियों से बीएसए उपासना रानी वर्मा की मौजूदगी में एक-एक कर पूछताछ की। सभी कर्मचारियों ने कहा कि एंटी करप्शन टीम के साथ आए सभी लोगों की पहचान उजागर होनी चाहिए। वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत के आरोप में उठा ले जाने के बाद कई लोग डीवीआर उखाड़ते रहे और मेजों की ड्राल की तलाशी लेते रहे। यह एंटी करप्शन टीम बताए कि आखिर वह कौन लोग थे? जब एएसपी ने ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्रा व सुशील पाराशर से इस बाबत पूछा तो उन्होंने भी इन्कार किया कि वह टीम के अलावा डीवीआर ले जाने वाले लोगों को नहीं पहचानते हैं। टीम ने जब बीएसए कार्यालय के बाहर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो वह लोग उसमें भी दिखाई दिए। एएसपी ने पत्रकारों को बताया कि सभी साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। बुधवार को जांच पूरी कर रिपोर्ट एसपी को सौंप दी जाएगी।


बीएसए उपासना रानी वर्मा से जानकारी करतीं एएसपी एंटी करप्शन इंदुप्रभा सिंह व सीओ सिटी कमलेश कुमार। अमृत विचार

### बीएसए ने असली फुटेज पेन ड्राइव में सौंपे

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह को वायरल सीसीटीवी फुटेज के असली वीडियो लिखित रूप में सौंप दिए। हालांकि वह काफी देर तक लिखित रूप में लेने से मना करतीं रहीं, लेकिन जब बीएसए ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का हवाला दिया, तब उन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा एंटी करप्शन टीम ने बाहर की दुकानों से भी फुटेज निकलवाए। वह सभी साक्ष्य एकत्र कर ले गईं हैं।

### डर की वजह से नहीं आया कंप्यूटर ऑपरेटर

वायरल सीसीटीवी फुटेज में लिपिक विमल पांडेय के पास कुर्सी पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर को भी एएसपी ने बुलाया, लेकिन वह डर की वजह से नहीं आया। बीएसए ने जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)गौरव दीक्षित को उसके घर भेजा तो उसकी मां ने भेजने से मना कर दिया। लिपिक को निर्दोष साबित करने में कंप्यूटर ऑपरेटर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि कक्ष में जिस समय लिपिक के ऊपर रुपये फेंककर पिटाई की गई, उस समय वह वहीं मौजूद था। वायरल फुटेज में भी वह दिखाई दे रहा है। बीएसए ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर के बयान दर्ज कराए जाएंगे।

### रुपये फेंककर बाबू को पीटने वाला शिक्षक चिन्हित

लिपिक के ऊपर रुपये गिराकर पीटने वाले शिक्षक की पहचान हो गई है। उन्नाव बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक प्रवीन कुमार प्राथमिक विद्यालय बैरी शादीपुर में सहायक अध्यापक है।


बीएसए कार्यालय में मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्य।

## बाबू को फंसाने वालों पर हो कार्रवाई

**कन्नौज।** पू सत्ता के दबाव में सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किये जाने से नाराज सपाइयों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख की अगुवाई में कलक्ट्रेट में धरना, प्रदर्शन किया। बीएसए कार्यालय के बाबू को गलत तरह से फंसाने वालों पर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को गलत तरह से फंसाने के साक्ष्य सामने आने के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपाइयों व वकीलों ने मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जिस सत्ता मद में चूर होकर सरकारी एजेंसियां निर्दोष व्यक्ति को दोषी बना रहीं हैं इस तरह का कृत्य छोटे से लेकर बड़े स्तर तक किया जा रहा है। मांग की कि निर्दोष बाबू को न्याय दिया जाए। वकीलों के एक ग्रुप ने एंटी करप्शन टीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। उन्होंने जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर राकेश तिवारीं, अनुराग अवस्थी, संजय दुबे, शरद मिश्रा, पप्पन बाजपेई, रवितोष पांडेय, सुरेन्द कुशवाहा, विस्वनाथ कुशवाहा आदि रहे।


बाबू के पक्ष में कलक्ट्रेट में धरना देते सपाई व अधिवक्ता। अमृत विचार

# रिपोर्ट दर्ज न होने पर कर्मचारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरेआम बीएसए कार्यालय से डीवीआर चोरी कर ले जाने तथा रैक खंगालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। इससे कार्यालय के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने बीएसए से वार्ता की और कहा कि गैर जनपदों से आए शिक्षकों की पहचान उजागर होने पर उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार, वरिष्ठ सहायक प्रदीप सक्सेना, लिपिक अशोक कुमार पाल, जिला समन्वयक विश्वनाथ शर्मा, रोहित तिवारी, गौरव दीक्षित, शैलेंद्र प्रताप सिंह, लिपिक शैलेंद्र यादव, अनुज चतुर्वेदी, विमल राजपूत, गौरव कुमार, शिवा चतुर्वेदी समेत कई कर्मचारियों ने बीएसए उपासना रानी वर्मा से बात की और कार्यालय से डीवीआर चोरी कर ले जाने वाले, बीएसए की रैक खंगालने वाले लोगों के खिलाफ एफआई दर्ज कराए जाने की मांग की।

बीएसए ने आश्वासन दिया कि वह एसपी अमित कुमार आनंद ने मिलकर जल्द ही एफआईआर कराएंगी और फुटेज में चिन्हित शिक्षकों पर कार्रवाई को लेकर संबंधित जिले के बीएसए को भी पत्र भेजकर अवगत कराएंगी। उन्होंने बताया कि डीवीआर ले जाने वाले भी शिक्षक हैं, जो आगरा के रहने वाले हैं। उन पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।


बीएसए उपासना रानी वर्मा से शिकायत करते लिपिक व कर्मचारी। अमृत विचार


बीएसए कार्यालय में टूटा पड़ा डीवीआर बॉक्स। अमृत विचार

### बीएसए के बुलाने पर भी नहीं आया शिकायतकर्ता

एंटी करप्शन टीम से बाबू की शिकायत करने वाला शिक्षक अनुराग सिंह यादव उर्फ अन्नू चिकित्सीय अवकाश पर चला गया है। गुगरापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर में तैनात शिक्षक को बयान दर्ज कराने के लिए बीएसए ने कार्यालय बुलाया, लेकिन वह नहीं आया। एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह ने भी शिकायतकर्ता को बुलाया था। बीएसए ने बताया कि 29 फरवरी के बाद उसने दो दिन आकस्मिक अवकाश और लिया। इसके बाद छह मार्च तक के लिए मेडिकल लीव ले ली है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### कुछ अनसुलझे सवाल

- एफआईआर में बाबू द्वारा रुपये गिनकर जेब में रख लेने का जिक्र है, जबकि वायरल फुटेज में उनके ऊपर रुपये फेंके जा रहे हैं।
- एफआईआर में शिकायतकर्ता द्वारा पाउडर लगे नोट देने का जिक्र है, जबकि वीडियो में शिकायतकर्ता दूर है और उसके साथी के हाथ में फाइल है।
- एंटी करप्शन टीम ने लिपिक से मारपीट की बात से इन्कार किया था, जबकि वीडियो में उनके साथ मारपीट की जा रही है।
- एंटी करप्शन इंस्पेक्टर ने एफआईआर में लिखाया कि बीएसए दफ्तर में मौजूद नहीं थीं, जबकि बीएसए का कहना है कि वह सभागार में निपुण भारत की मीटिंग ले रहीं थीं।
- एंटी करप्शन टीम ने डीवीआर ले जाने की बात से इन्कार किया था, जो लोग डीवीआर ले जा रहे हैं, वह वीडियो में टीम के साथ चल रहे हैं।
- एफआईआर में जिक्र है कि शिकायतकर्ता ने रुपये देने के बाद सिर खुजलाकर इशारा किया था।

## एक नजर

### दो स्थानों पर मारपीट में पिता-पुत्र घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम तिसौली निवासी हेतराम का कहना है कि रविवार की शाम वह घर पर थे। तभी गांव के रामबाबू ने घर में आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे व बचाने आए उसके पुत्र रामकरन को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार ग्राम पलरी निवासी ध्रुव सिंह ने बताया कि रविवार की शाम भूमि के बंटवारे को लेकर उसके भाई कृष्ण मुरारी, उसकी पत्नी अंशू, पिता लेजम सिंह ने गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पुत्र आसू को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** स्कूल के कमरे में किशोरी को बंधक बनाकर दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी। पीड़िता की मां ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला निवासी पीड़िता की मां ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 04 फरवरी की रात लगभग 09 बजे मोहल्ला अफसरी निवासी बृजेश व रामगंज पश्चिमी बाईपास निवासी राजवीर ने उसकी 14 वर्षीय पुत्री को इस्माइलपुर स्थित बंद पड़े स्कूल के कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने मां को आपबीती सुनाई।


घटनास्थल पर मौजूद ठठिया थाना पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

# फंदे पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- मवेशी चरा रहे लोगों ने देखा, फॉरेंसिक व पुलिस ने की जांच

**अमृत विचार।** ठठिया थाना क्षेत्र के तिर्वा-ठठिया मार्ग पर कन्हांपुर्वा गांव के सामने अज्ञात युवक का शव पेड़ की डाली में फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

ठठिया थाना क्षेत्र के कडेरा पुलिया के पास कंहईपुर्वा गांव के सामने रजवाह के किनारे मंगलवार की दोपहर कुछ पशुपालक अपने पशु चरा रहे थे। इसी दौरान मवेशी चरते हुए जहां पेड़ पर शव लटका था वहां पहुंच गये। पालक भी पहुंचे तो देखा कि रजबाह के पास खड़े पेड़ पर शव लटका था। पालकों की सूचना पर कुछ ही देर में मौके पर आम लोगों व आस पास गांव के लोग एकत्र हो गये। लोगों ने मामले की जानकारी ठठिया थाना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को जानकारी दी गई। वह भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाये।। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया। पहचान न होने पर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को मर्चरी भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसकी जेब से एक बीड़ी का बंडल और 300 रुपया निकले हैं। ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला जिससे मृतक की पहचान की जा सके। ठठिया थाने के इंसपेक्टर दिग्विजय सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हुई है। शिनाख्त कराने के लिये उसे मर्चरी में रखवा दिया गया।

# जसोदा और गुरसहायगंज में पुराने किराये पर मिले पैसेंजर ट्रेन के टिकट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- कुछ देर वितरण के बाद लिया एक्सप्रेस का किराया
- मंडल वाणिज्य निरीक्षक बोले गलती पर मांगा जवाब

**अमृत विचार।** कोरोना के समय पैसेंजर ट्रेन का किराया भी एक्सप्रेस के बराबर हो गया। तब से यही व्यवस्था लागू है लेकिन मंगलवार को जसोदा और गुरसहायगंज स्टेशन पर कुछ देर के लिए पैसेंजर ट्रेन के टिकट पुराने किराये से बांटे गए। इससे यात्री खुश हो गए लेकिन फिर एक्सप्रेस का किराया लिया जाने लगा। इस संबंध में जिम्मेदारों ने स्पष्ट आदेश न होने जबकि मंडलीय अधिकारी ने प्रकरण में गलती होने व जवाब मांगे जाने की बात कही।

कोरोना के दौर में रेलवे ने सभी ट्रेनों को स्पेशल दर्जा देकर समान किराया कर दिया था। फिर वह कठिन समय तो निकल गया और जनजीवन भी पटरी पर आ गया लेकिन रेल का किराया जस का तस ही रहा। तब पैसेंजर ट्रेन से गुरसहायगंज से कानपुर तक का किराया 25 रुपये जबकि एक्सप्रेस ट्रेन का 50 रुपये था। महामारी फैली तो सीट पर यात्रियों की संख्या घटाकर पैसेंजर व एक्सप्रेस का किराया समान कर दिया गया। दो साल बाद भी यात्रियों को एक्सप्रेस के किराये पर ही पैसेंजर ट्रेन में सफर करना पड़ रहा है। मंगलवार की सुबह कुछ देर तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन के पुराने किराये पर टिकट का वितरण किया गया। फिर कुछ ही देर में रोक दिया गया।

मुख्य वाणिज्य अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि कुछ देर के लिए आदेश मिला था। इसके तहत पैसेंजर के किराये पर टिकट का वितरण किया गया है। पूरी तरह से आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। कुछ तकनीकी समस्या भी है जिसे दूर किया जा रहा है। दो-तीन दिनों में पैसेंजर ट्रेन का किराया कम होने के आदेश मिलने की संभावना है। उधर इस संबंध में मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने किसी तरह का आदेश जारी न होने की बात कही। कहा कि दोनों स्टेशनों पर गलती से कम किराये के टिकट बांटे गए। मुख्य वाणिज्य अधीक्षक से जवाब मांगा है।

## छात्रा को नकल में पकड़ा, 772 ने छोड़ी परीक्षा

**कन्नौज।** बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में गृह विज्ञान तो इंटरमीडिएट की व्यवसायिक तथा भूगोल व कृषि की परीक्षा हुई। इसमें 772 परीक्षार्थियों ने सख्ती के चलते परीक्षा से किनारा कर लिया। एक परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रा को नकल करते पकड़ा गया। पहली पाली में हुई गृहविज्ञान की हाईस्कूल की परीक्षा में 6768 में से 6219 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 549 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे। इसी पाली में इंटर की व्यवसायिक विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 276 में से 266 छात्रों ने परीक्षा दी। इसी पाली में बिट्टी देवी बालिका इंटर कॉलेज उदैतापुर में डीआईओएस ने एक छात्रा को नकल करते पकड़कर कार्रवाई की। दूसरी पाली में इंटर भूगोल व कृषि की परीक्षा में 213 गैरहाजिर रहे।

## मामूली विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद में गांव के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम अनौगी पचपुखरा निवासी प्रदीप कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 04 मार्च को गांव के फूल सिंह, सतीश, देवेंद्र व शिवम ने मामूली विवाद में मारपीट की।

## सार-संक्षेप


फसलों का सर्वे करते कृषि विभाग व बीमा कंपनी के कर्मी। अमृत विचार

### बीमित किसानों को कृषि विभाग देगा मुआवजा

**तिर्वा, कन्नौज।** ओलावृष्टि में फसलों में हुए नुकसान का कृषि विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया हैं। जिन किसानों ने फसल का बीमा कराया था उनको विभाग की तरफ से मुआवजा दिया जाएगा। बदलते मौसम के दौरान 20 फरवरी की रात मे बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि में फसलों को भारी नुकसान हुआ था। कृषि विभाग ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि जिन किसानों ने फसल बीमा कराया था उनको बीमा कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। इससे पहले तिर्वा क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर, भर्तीपुर्वा गांव के किसानों की फसलों का सर्वे कराया गया। नुकसान के आकलन के बाद विभाग के द्वारा उन किसानों को मुआवजा दिया जाएगा जिन्होंने फसल बीमा करा रखा था। जिनका फसल बीमा नहीं था उनको राजस्व विभाग से मुआवजा दिया जाएगा। फसल बीमा का सर्वे होने के बाद बीमा कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा।



पुलिस लाइन में पेंशनर की बैठक लेते सीओ सदर कमलेश कुमार। अमृत विचार

### पेंशनर्स नए पुलिसकर्मियों को बताएंगे कार्य के अनुभव

**कन्नौज।** सीओ सदर ने पुलिस पेंशनरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पेंशन, जीपीएफ समेत अन्य तरह की शिकायतों को सुना। यही नहीं मौजूद विभागीय बाबुओं को निर्देश दिये कि उक्त मामले का तत्काल निस्तारण करें। इसी तरह पेंशनरों से कहा गया कि वह नए पुलिस कर्मियों का सहयोग करें, जिससे पुलिस उनसे पुराने अनुभव ले सकें। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में पुलिस पेंशनर्स की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना तथा शीघ्र निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान जिले के रिटायर पुलिस कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के संबंध में त्वरित निस्तारण का बाबू को आदेश दिया गया। इसी तरह रिटायर्ड पुलिस पेन्शनर्स के डिजिटल पहचान पत्र के बनने के सम्बंध में शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

### भाजयुमो नगर इकाई का हुआ विस्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह के निर्देश पर नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने संगठन का विस्तार किया है। जिसमें विराट मिश्रा को भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार ऋषि लाल, राजीव तिवारी को उपाध्यक्ष, मोहित गुप्ता को नगर मंत्री, राजा कौशल, अमन और अरविंद को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। सुब्रत शुक्ला को कोषाध्यक्ष व व्योम शुक्ला को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन के नव मनोनीत पदाधिकारियों को मानव गुप्ता, मंगलम पांडेय सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

**तालग्राम, कन्नौज।** मंगलवार को थाना प्रभारी देवेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजनारायन सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर छापेमारी की। पुलिस ने शीतालय स्थित पीपल के पेड़ के पास ग्राम निकवा निवासी अशोक यादव को 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज में एक लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में एक लाख रुपये न मिलने पर पति सहित ससुरालियों ने गालीगलौज की और महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने एएसपी के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम लखईयामऊ निवासी अंशू देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी शादी तीन वर्ष पहले फर्रुखाबाद के थाना कायमगंज ग्राम ज्योना निवासी नितिन से हुई थी। शादी के बाद पति नितिन, ससुर नरोत्तम सिंह, सास सीमा, देवर सानू, ननद सलोनी ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर 02 मार्च की दोपहर लगभग 04 बजे उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बैठक** — कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर दिए निर्देश

# पोस्टल बैलेट को तैयार होगा कर्मियों का डाटाबेस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन ड्यूटी में नियुक्त कार्मिक मतदान से वंचित नहीं रहेंगे। इसके लिए सभी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। सभी कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई निर्वाचन की बैठक में यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए गए है कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे प्रत्येक कार्मिकों को पोस्टल बैलेट(प्रारूप 12क) से मतदान कराने की सुविधा प्रदान की जायेगी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में जनपद के लगने वाले वाहन चालक, कंडक्टर एवं हेल्पर का डाटाबेस तैयार कर लिया जाए, ताकि उनको समय से प्रारूप 12क जारी किया जा सके और वह अपना मत का प्रयोग निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात बूथ पर जाकर कर सकें। जिलाधिकारी ने जिला होमगार्ड कमांडेंट को निर्देश दिए होमगार्ड व पीआरडी जवानों की तैनाती निर्वाचन ड्यूटी में की जाती है। इन सभी को प्रारूप 12क की सुविधा प्रदान किये जाने के लिए इनका डाटाबेस तैयार करने के निर्देश दिये। कहा कि निर्वाचन में नियुक्त कोई भी कार्मिक जो निर्वाचन ड्यूटी की वजह से मतदान नहीं कर पाते है उनको प्रारूप 12क के माध्यम से मतदान कराने की सुविधा प्रदान की जायेगी। कहा कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु सभी मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर नवीनता राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी आदि रहीं।


निर्वाचन की बैठक में जानकारी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल।


ब्लाक परिसर में आयोजित गोष्ठी में मौजूद किसान। अमृत विचार

# मोटे अनाज की पैदावार के लिए किया गया जागरूक

**तिर्वा, कन्नौज।** किसानों को मोटे अनाज की पैदावार करने के लिए जागरूक किया गया। गोष्ठी में उनको महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

मंगलवार को ब्लाक परिसर में यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को मोटे अनाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसान बाजरा, मक्का कोदो, ककुन, रागी आदी की फसलें करें। यह फसलें कम पानी में हो जातीं हैं। इनकी बाजार में बिक्री कर ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही जैविक खाद के प्रयोग पर जोर दिया गया। बताया गया कि घूरे की खाद से फसल में बीमारियां भी कम लगती हैं और उत्पादन में गुणवत्ता भी बनी रहती है। इसके पश्चात किसानों द्वारा तहसील तक पैदल मार्च कर मोटे अनाजों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर किसान रामाधार वर्मा, एडीओ आईएसबी सुभाष चंद्र, एडीओ कोऑपरेटिव चंद्रिका प्रसाद, एडीओ एजी सर्वेश कुमार, बीज गोदाम इंचार्ज आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,कृषि रक्षा इकाई प्रभारी आकाश कुमार वर्मा अशोक कुमार पाल ,धीरेंद्र प्रताप आदि रहे।

# झोल : खामियां होने पर भी रोडवेज बसें कागजों में फिट

## एआरटीओ कार्यालय से जांची जा रही फिटनेस, मिल रहा प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रोडवेज बसों की फिटनेस में झोल सामने आया है। कई खामियां होने के बाद भी उनको फिट का प्रमाण एआरटीओ कार्यालय से दिया जा रहा है। हकीकत में खामियों का अंबार है।

कन्नौज डिपो की बसों की फिटनेस प्रति वर्ष एआरटीओ कार्यालय से कराई जाती है। सरकारी बस होने से एआरटीओ कार्यालय के अधिकारी सही तरह से जांच किये बगैर इनको फिटनेस का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। खास बात तो यह है कि कई बसों में पीछे शीशा तो लगा है पर जाली नहीं लगाई गई है। नियम के अनिसार पीछे जाली लगी होनी चाहिये। इसके अलावा अधिकतर बसों में प्रेशर हार्न लगे हैं, जबकि यह हार्न मानक में नहीं हैं। इसी तरह की कई खामियां इन बसों में हैं फिर भी इनको विभागीय अधिकारी फिट होने का प्रमाण दे रहे हैं। मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय में दो रोडवेज की बसें लाई गई। आरआई ने इनकी जांच की तो कुछ में सही तरह से इंडीकेटर नहीं जल रहे थे तो कहीं डिपर लाइट ही ठीक नहीं थी। लाइटों के आधे शीशे काले नहीं थे। इसी तरह की कई अन्य खामियां भी मिलीं। इसके बाद भी इन रोडवेज बसों को फिट कर दिया गया।


एआरटीओ कार्यालय के बाहर रोडवेज बस की फिटनेस करते आरआई जितेंद्र सिंह।

इस संबंध में एआरटीओ कार्यालय के आरआई जितेंद्र सिंह का कहना था कि जो रोडवेज की बसें उनके पास फिटनेस के लिये आ रहीं है। उनकी पूरी तरह से जांच की जा रही है। जो खामी मिल रही है उसे ठीक कराया जा रहा है।

### तीन वर्ष पहले इन्हीं आरआई ने अधिक बसें की थीं अनफिट

**कन्नौज।** तीन वर्ष पहले जब एआरटीओ कार्यालय में आरआई जितेंद्र सिंह को पहली तैनाती मिली थी उस समय उन्होंने गहनता से इन रोडवेज बसों की जांच की थी। तब कन्नौज डिपो की आधी बसें अनफिट मिली थीं। इनको डिपो वापस भेज दिया गया था। डिपो में मरम्मत होने के बाद इनको फिटनेस के लिये एआरटीओ दफ्तर भेजा गया। यही नहीं तत्कालीन एआरटीओ प्रशासन संजय कुमार झा से सिफारिश की गई कि इन बसों की गहनता से जांच न कर फिटनेस जारी करा दें। इसके बाद आरआई ने इन बसों को फिट कर फिटनेस प्रमाण जारी कर दिया था। समय बदला और आरआई का कार्यकाल अधिक हुआ तो उन्होंने नियमों को ताक पर रख कर सभी बसों के फिटनेस को जारी कर दी।

## हत्या के इरादे से घूम रहे एमपी के दो शातिरों को पकड़ा

**तिर्वा, कन्नौज।** मंगलवार को वाहन चेकिंग में जुटी पुलिस ने एक बिना नंबर की बाइक देख उस पर सवार लोगों को रुकने का संकेत दिया। इस पर बाइक सवार युवक भागने लगे तो पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। जब उनकी बाइक की तलाशी ली तो उसमे दो अवैध असलाह के साथ कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को पकड़कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को पकडा गया है। उन्होंने खुद को एमपी का निवासी बताया है। उनके परिवार के लोगों से हरदोई निवासी युवक का विवाद चल रहा है। वह उस युवक की हत्या करने हरदोई गए थे मगर वह अपने घर पर नही मिला। दो दिन तक उस युवक की रैकी करते रहे। जब वह तीसरे दिन नहीं मिला तो वापस एमपी स्थित घर जा रहे थे। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक शातिर लग रहे हैं। पूछताछ की जा रही जल्द ही अन्य जानकारी मिलेगी।

# अयोध्या के पहलवानों का रहा जलवा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो दिवसीय विराट दंगल में पहलवानों ने दिखाये दांव-पेच
- सांसद सुब्रत पाठक व एसपी अमित कुमार ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार।** स्वर्गीय ओम प्रकाश पाठक, पूर्व विधायक वनबारी लाल दोहरे, मदन पहलवान, मुरारी लाल सैनी की पुण्यतिथि पर शहर के बोर्डिंग मैदान पर दो दिवसीय विराट दंगल का आयोजन मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन नेपाली व अयोध्या के पहलवानों का ही दवदबा रहा।

सांसद सुब्रत पाठक व एसपी अमित कुमार आनन्द ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल का उदघाटन किया। दंगल में नेपाल समेत कई प्रांतों के पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाये। इस दौरान शंकर थापा पहलवान नेपाल व रंगा पहलवान राजस्थान के बीच मुकाबला हुआ। इसमें राजस्थान के रंगा को जीत मिली। इसी तरह कबीर पहलवान पंजाब व मो. जुनैद पहलवान दिल्ली के बीच मुकावला बराबर रहा। अली पहलवान पंजीब व वृजेश पहलवान बनारस के मुकाबले में पंजाब के पहलवान को जीत मिली। विराट पहलवान बनारस व आशिय पहलवान जंमू के मुकावले में बनारस के पहलवान ने जीत हासिल की। रंगा पहलवान राजस्थान व बसंत थापा पहवान नेपाल के मुकाबले में नेपाली पहलवान को जीत मिली। इसी तरह राकेश पहलवान जम्मू व भीम पहलवान आगरा के मुकाबले में राकेश को जीत मिली। शैलेश यादव पहलवान क्षेमकली कन्नौज व सरताज पहलवान मेरठ के मुकाबले में कन्नौज के पहलवान को जीत मिली। राज यादव क्षेमकली कन्नौज व मेघा थापा नेपाल का मुकाबला बराबर रहा। बाबा लक्ष्मण दास अयोध्या व शैतान पहलवान बंगाल की कुस्ती में अयोध्या के पहलवान को जीत मिली। इसी तरह कई अन्य मुकावले हुए। दंगल की व्यवस्था देखने के लिये दंगल अध्यक्ष छोटू यादव व दंगल संयोजक अन्नू सैनी के अलावा सदस्य के रुप में भाजपा कार्यकर्ता नितीश तिवारी, श्याम जी मिश्रा, विशाल शुक्ला, अमन मिश्रा, शुभम वर्मा, हैपी सिंह, अमित तिवारी, अर्पित यादव, श्याम राठौर, शिवम मिश्रा, विदित जोशी, ऐशू कनौजिया, सुमित यादव, अचल अवस्थी, ग्राम प्रधान राम लखन राजपूत मौजूद रहेंगे।


दंगल में दांव पेंच दिखाते नेपाली व अन्य पहलवान। अमृत विचार

# 13 उपनिरीक्षकों समेत 94 के कार्यक्षेत्र बदले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने देर रात 13 दरोगा समेत 94 सिपाहियों के कार्य क्षेत्र बदल दिये हैं। इनमें हेड कांसटेबल, सिपाही व महिला सिपाही शामिल हैं।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने दरोगा राजेश कुमार रावत को सौ शैया चौकी से सुर्सी चौकी थाना ठठिया, दया शँकर पाण्डेय को कोतवाली कन्नौज से सौ शैया चौकी, राधा मोहन शर्मा को थाना सकरावा से चौकी प्रभारी जिला अस्पताल कोतवाली कन्नौज, महेश कुमार शर्मा जिला अस्पताल चौकी से सिमरिया चौकी थाना ठठिया, हरीश कुमार कोतवाली गुरसहायगंज से कोतवाली छिबरामऊ, संजीव कुमार प्रभारी सम्मन सेल पुलिस कार्यालय से चौकी प्रभारी शेखाना कन्नौज कोतवाली, प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी त्रिनेत्र प्रकोष्ट से कोतवाली तिर्वा, वृजपाल सिंह प्रधान लिपिक कार्यालय से थाना ठठिया, रमा कांत द्विवेदी प्रधान लिपिक कार्यालय से थाना तालग्राम, संतराम न्यायिक सम्मन सेल से कोतवाली कन्नौज, जागेश्वर दयाल पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा कन्नौज, हरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस लाइन से साइवर थाना, शिव मोहन पेशी क्षेत्राधिकारी सदर से कोतवाली कन्नौज भेजा गया है।

इसी तरह हेड कांसटेवल, सिपाही व महिला सिपाहियों के कार्य क्षेत्र बदले गये हैं। सभी को आदेश के दूसरे दिन कर चार्ज लेने को कहा गया है।

## बजरंगी लाए खबरिया राम आए नगरिया... पर जमकर झूमे भक्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नौगाई खल्ला स्थित बजरंगबली मंदिर में आचार्य विनोद बाबू दीक्षित ने वैदिक मंत्रोचार के साथ राम दरबार का पूजन कराने के बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। इसमें बजरंगी लाए खबरिया, राम आए नगरिया ...सहित कई भजन सुनाए, जिसपर भक्त झूम उठे।

सरस सुंदरकाण्ड वाचक आचार्य विशाल दीक्षित जी महाराज ने मंगल भवन अमंगल हारी संपुट के साथ सुंदरकाण्ड पाठ का सस्वर शुभारंभ किया। बीच बीच में उनके गाए भजनों को सुनकर सभी भक्त झूमते रहे।

इस दौरान मंगलम दुवे, राम जी अवस्ती, आदेश बाबू, प्रमोद कुमार व शीलू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हर गरीब का सपना पूरा होने की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित
- जनपद की सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर गरीब का सपना पूरा करने की गारंटी प्रदान की है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। निश्चित रूप से इस बार एनडीए 400 से अधिक सीटें हासिल कर इतिहास रचेगा। मंगलवार को यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने शहर के एक गेस्ट हाउस में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, सांसद सुब्रत पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का प्रथम बार जनपद आगमन पर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के ठठिया कट पर भव्य स्वागत किया। गाड़ियों का काफिला मानीमऊ से आगे बढ़ता हुआ मकरंद नगर तिराहे से शहर होते हुए गोलकुआं से मानपुर रोड पर गेस्ट हाउस पहुंचा, जहां बैठक में कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता। अमृत विचार

इस दौरान विधायक कैलाश राजपूत, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अरुण पाल, जिला प्रभारी इंद्र पाल पटेल, क्लस्टर इंचार्ज राम किशोर साहू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित रहे।

# निरीक्षण पर भड़के सीवीओ ने पीडी को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) के कार्यालय का निरीक्षण करने पर परियोजना निदेशक (डीआरडीए) को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। सीवीओ का यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीवीओ ने शासन को भी अवगत कराया है और इसकी जानकारी डीएम को दी है।

मंगलवार को एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. कर्णवीर सिंह ने परियोजना निदेशक (डीआरडीए) रामऔतार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीवीओ के मुताबिक 12 फरवरी को पीडी ने उनके कार्यालय का निरीक्षण किया था, जिसमें उन्होंने उपस्थिति पंजिका में सीन लिख दिया। उनकी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित तथा शासन द्वारा पे ग्रेड 6600 उपनिदेशक स्तर पर नियुक्त अधिकारी हैं, जबकि वह पे ग्रेड 7600 संयुक्त निदेशक स्तर पर नियुक्त अधिकारी हैं, इस कारण पीडी उनसे जूनियर हैं और उन्हें सीवीओ दफ्तर के निरीक्षण का अधिकार नहीं है।

उन्होंने सवाल किया कि शासन की किस नियमावली के तहत पीडी ने उनके कार्यालय का निरीक्षण किया है और यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के अनुपयुक्त है। उन्होंने पीडी से जवाब मांगा है।

# किसानों को उचित मुआवजा दे सरकार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की पंचायत में असमय हुई बारिश व ओला से हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग सरकार से की गई। संगठन का विस्तार भी किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा किसानों को परेशान करने पर अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी ने संबोधित किया। इस दौरान विवेक गुप्ता (बेवर) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, प्रमोद कुमार दुबे (एड.)को प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ, अभिनव त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, अनुराग उपाध्याय को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गौतम बुद्ध नगर, राजेश दीक्षित को मंडल उपाध्यक्ष, उपेंद्र पाल को मंडल उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, मुकेश यादव मास्टर को मंडल उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, नवीन शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष युवा, राहुल पांडेय को जिला सचिव युवा, अंकित शर्मा को जिला उपाध्यक्ष युवा, रोहित कुमार को जिला उपाध्यक्ष किसान कल्याण प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद, बलराम वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, रावेंद्र को तहसील उपाध्यक्ष युवा व अरविंद यादव को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी को 15 दिन में अपनी कमेटियां गठित करने का निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई किसान पंचायत में सुधीर कुमार, अनुपम वर्मा, गोपाल दुबे, कुलदीप दुबे, अनुज, अश्वनी मिश्रा, ताहिर खान व तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे। अंत में संरक्षक राजपाल सिंह चौहान आदि रहे।


बैठक में मौजूद संगठन के लोग।

- भाकियू की किसान पंचायत में संगठन का किया गया विस्तार

# दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में सहायक होंगे टीएलएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्पेशल एजुकेटर्स ने बच्चों को पढ़ाने की विधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों ने विशेष प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री से मानसिक दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के तरीकों के बारे में भी बताया।

सदर ब्लॉक संसाधन में जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विश्वनाथ शर्मा के निर्देशन में टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिले के सभी ब्लॉकों में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर्स ने तरह-तरह की सामग्रियों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में दृष्टि दिव्यांग, मानसिक दिव्यांग तथा श्रवण बाधित संबंधित स्पेशियलिटी के स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा बच्चों के लिए विषय वस्तु समझने के उद्देश्य से सामग्री तैयार की गई है।

चार्ट, फ्लैश कार्ड, माडल, एवकस, छड़ी, ब्रेल स्लेट, टेलर फ्रेम आदि प्रकार शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन सभी स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा किया गया।

# पत्नी वियोग में कोटेदार ने जान दी

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

- दो माह पूर्व बच्चों संग मायके गई थी, बुलाने के लिए गया था पर नहीं आई

**अमृत विचार।** दो माह पूर्व बच्चों के साथ मायके गई पत्नी के वियोग में कोटेदार ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्रवाई की।

थाना तालग्राम के ग्राम खगूनगला निवासी हरिकिशन सक्सेना उर्फ पतन्ने (35) कोटेदार था। परिजनों ने बताया कि दो माह पूर्व उसकी पत्नी ज्योति, पुत्र अभि (05) और अंश (03) के साथ इटावा के गांव गढ़िया पुरौला स्थित मायके चली गई। उसे बुलाने के लिए दो बार हरिकिशन ससुराल गया लेकिन वह नहीं आई। इसी कारण वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। सोमवार की रात हरिकिशन ने कमरे के अंदर छत के कुंडे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह जब मां रामबेटी कमरे में आई तो पुत्र को फंदे पर लटका देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के बड़े भाई हरिओम ने घटना की सूचना पुलिस को दी।


हरिकिशन सक्सेना।



सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक किशनवीर सिंह ने शव को उतरवाया। इसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। इसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**हड़कंप** 15 दिन में 50 से अधिक मवेशियों की मौत, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बोले, पराली खिलाने से कमजोर हुई रोग प्रतिरोधक क्षमता

# बरुआहार पहुंची टीम, 20 बीमार पशुओं को दी दवा

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** एक पखवारे के अंदर 50 से अधिक मवेशियों की मौत की खबर से पशु चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया। मंगलवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व पहुंची टीम ने मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच की तथा करीब 20 मवेशियों को दवा दी गई। सीवीओ ने बताया कि मवेशियों को पराली खिलाए जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ा है जिससे वे बीमार हुए। हालांकि दवा दे दी गई है और अब सब ठीक है।

कोतवाली के बरुआहार गांव में करीब 15 दिन से लगातार बड़े व छोटे मवेशियों की विचित्र बीमारी के चलते मौत हो रही थी। इसकी जानकारी होते ही सीवीओ डा. सीवी वर्मा के नेतृत्व में डिप्टी सीवीओ वेदप्रकाश गंगवार की टीम ने गांव पहुंच पशुपालकों से जानकारी लेते हुए उनके मवेशियों का परीक्षण किया। गांव में करीब 20 पशु मामूली तौर पर बीमार मिले जिनका इलाज किया गया। सीवीओ ने बताया कि करीब 20 पशुओं को दवा खिलाई गई जो कि अस्वस्थ लग रहे थे। कोई गंभीर नहीं मिला। बताया कि मौत का कारण निमोनिया प्रतीत हो रहा।


बरुआहार में मवेशी का इलाज करती डॉक्टरों की टीम व मौजूद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सीबी वर्मा। अमृत विचार

पशुपालक पशुओं को कैल्शियम युक्त भोजन नहीं दे रहे और दूध निकाल रहे हैं। वे लगातार पराली खिला रहे हैं जिसमें ऑक्जेलेट होता है। यह शरीर में मौजूद कैल्सियम के साथ मिलकर कैल्सियम आक्जेलेट बनकर पेशाब के माध्यम से निकल जाता है। यही कारण है कि मवेशियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। इससे ही मौत हो रही है।

कमोजरी में हलके बुखार से भी पशुओ की मौत हो रही। पशु पालकों को पशुओं को हरे चारे, भूसे के साथ कैल्सियम युक्त भोजन देने के निर्देश दिए। कैल्सियम के लिए खड़िया या चूने का पानी पिलाने की सलाह दी गई है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम तैनात है। स्थिति पहले से ठीक है।

## बोले लोग


विजय।

विजय ने बताया कि उसकी पड़िया शाम को सही थी। जब सुबह देखा तो वह अचेत पडी थी। देखते ही देखते उसकी मौत हो गई।


रामशंकर।

रामशंकर ने बताया कि 15 दिन पहले उनकी पड़िया अस्वस्थ हुई। जब तक वह इलाज कराते तब तक मौत हो गई थी।


आनंद।

आनंद ने बताया कि उसकी एक पड़िया व बकरी का बच्चा अचानक मर गए। सभी लोग पशुओं की मौत से भयभीत हैं।


जेपी वर्मा।

पूर्व शिक्षक जेपी वर्मा ने बताया कि अटैक पड़ता और पशुओ की मौत हो रही है। गांव मे करीब सौ पशुओं की मौत हो चुकी है।

## इनके भी मवेशी काल के गाल में समाए

15 दिनों में राम शंकर, रामपाल, सर्वेश, सचिन , ननकू, राम बहादुर, पप्पू ,विजय, पप्पू, हरि नारायण, गुड्डू, चंदन, मोहर सिंह संजीव , कल्लू, आनंद, पंकज, राजू तथा श्याम, समेत अन्य पालकों के पशुओं की मौत हो चुकी है।

### बकरियों को औने- पौने दामों में हटाया

**तिर्वा, कन्नौज।** गांव में मवेशियों के साथ-साथ बकरियों की अचानक मौत होते देख कई पालकों ने अपनी बकरियां काफी कम दाम में बेंच दीं। दस हजार की बकरी पांच हजार में बेंच दी।

## अमृत सरोवर की जमीन कब्जा मुक्त कराई गई

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खुबरियापुर में अमृत सरोवर तालाब की जमीन पर गांव के कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा किये थे। ग्राम प्रधान की शिकायत पर प्रशासन ने उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

ग्राम सभा खुबरियापुर के गांव चमन नगरिया निवासी रामबाबू, उमेशचन्द्र, दिनेशचंद्र व रमेशचंद्र अमृत सरोवर तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये हुए थे। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान बबलू बाथम ने उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी से की थी।

मंगलवार को उप जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा, हल्का लेखपाल गौरव भदौरिया, लेखपाल अवनीश राठौर व गजेन्द्र सिंह कुंवरपुर करनौली चौकी इंचार्ज सुरेशचन्द्र के साथ ग्राम खुबरियापुर पहुंचे। टीम ने गाटा संख्या 2522 रकवा 0.6480 हे. का सीमांकन कर अमृत सरोवर तालाब बनाये जाने के लिए प्रस्तावित जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।


पीएसएम डिग्री कॉलेज के बाहर विरोध जताते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# अभाविप ने फूंका ममता का पुतला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- संदेशखाली की घटना पर रोष एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- केंद्रीय जांच एजेंसी से प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में राज्य सरकार के संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किया गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय दिलाने के लिए पं. सुंदरलाल मेमोरियल डिग्री कॉलेज के गेट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में उप जिलाधिकारी को सौंप कर महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की।

जिला संगठन मंत्री चित्रांशु ने कहा कि अत्याचार की अति से तंग आकर कई परिवार संदेशखालि से पलायन करने को मजबूर हैं, इन महिलाओं को न्याय दिलाने में आपके द्वारा हस्तक्षेप किया जाए। राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखालि के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अभाविप कार्यकर्ता साक्षी ने कहा कि भयमुक्त संदेशखालि बनाने में केंद्रीय बलों की नियुक्ति की जाए, जिससे उत्पीड़न का शिकार हो रहे परिवारों के पलायन को रोका जा सके और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर रोशनी सिंह, सुनील, ईशान, विजय, चंदन, पवन समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में मौत पर ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट

कायमगंज। आलू लदे ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से हुई गर्भवती की मौत के मामले में मृतका के जेठ ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रुखइया निवासी धर्मेंद्र की गर्भवती पत्नी शिखा( 22) अपने जेठ पुष्पेंद्र के साथ कायमगंज में अल्ट्रासाउंड कराने के बाद गांव वापस जा रही थीं। अचरा रोड पर गांव शिवरई मठ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देखकर उन्होंने अपनी बाइक साइड में कर ली। ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से टक्कर मार दी। इससे 9 माह की गर्भवती शिखा की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया था। पुष्पेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अभिषेक निवासी ग्राम मगटई थाना मेरापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साली को पीटने पर जीजा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** साली के साथ मारपीट करने पर जीजा ने आरोपित के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट कराई है। क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी श्यामपाल ने कोतवाली में दर्ज कराए गई रिपोर्ट में कहा है उसने अपने छोटे भाई रशपाल की शादी अपनी साली श्रीदेवी से बीस साल पहले कराई थी। उसके चार बच्चे है। शादी के बाद उसका भाई उसकी साली के साथ मारपीट करता है। कई बार पुलिस से शिकायत की। 2 मार्च को आरोपित भाई ने उसकी साली के साथ फिर मारपीट की जिसमें वह घायल हो गई। जब आरोपित को समझाने का प्रयास किया तो उसने सभी को गालियां दी।

### मां और बेटा-बेटी को पीटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** मां, पुत्र व सगी बहनों को मार पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी फरीदन अपने पुत्र को बुलाने जा रही थी तभी रास्ते में गांव के कृष्णा व उसका भाई मुकेश ने लोहे का पाइप मार दिया। इस बात का विरोध करने वह व उसकी बहन रोशमीन आरोपितों के घर गई तो आरोपित की मां गाली गलौज करने लगी और रोशमीन को पाइप मार कर घायल कर दिया। फरीदन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सांड़ ने महिला को जख्मी किया

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव द्योरा निवासी शकुंतला के ऊपर सांड़ ने हमला कर घायल कर दिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां महिला का इलाज किया गया।

### जहरीले सांप ने डसा

**कायमगंज ।** नगर के मोहल्ला मेंहदी बाग निवासी अश्वनी कुमार को जहरीले साप ने काट लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उनका इलाज हुआ।

### हादसे बच्ची घायल

**कायमगंज ।** कंपिल क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी रामरतन की दो वर्षीय पुत्री जया ऊचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गई।

# बसों में डीजल को भाजपाई व पेट्रोलपंप कर्मी भिड़े

## दो घंटे पंप पर खड़ी रहीं अयोध्या जाने को तैयार बसें, नेता और अफसर ने वार्ता कर निकाला हल



डीजल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर खड़ी बसें। अमृत विचार

**संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद**

- **दस बसों को पेट्रोल पंप से लेना था डीजल, मालिक के आदेश का कर्मी कर रहे थे इंतजार**

**अमृत विचार।** अयोध्या धाम जा रहे भाजपा नेताओ की बसों में डीजल न पड़ने से वह दो घंटे तक पेट्रोल पंप पर खड़ी रहीं। काफी देर तक पेट्रोल पंप कर्मियों से झड़प होती रही। पेट्रोल पंप कर्मियों का कहना था कि मुफ्त डीजल बिना मालिक के पूछे कैसे दिया सकता था। शीर्ष नेताओं व अधिकारियों की वार्ता के बाद पेट्रोलपंप कर्मियों ने बसो में डीजल डाला । इसके बाद जय श्रीराम उद्घोष के साथ बसें अयोध्याधाम को रवाना हुई।

मंगलवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर जनपद से कई बसे अयोध्याधाम को रवाना हो रही हैं। जिनमें कायमगंज मंडल से दस बसे जानी थी। भाजपा कार्यकर्ता सुबह से अपने घर से खुशी-खुशी अयोध्याधाम के लिए रवाना होकर निकले । सभी बसे एकत्र होकर खॉन पेट्रोलपम्प वाईपास पर पहुंची। जहां बसों में डीजल पड़ना था। लेकिन पम्प पर तैनात कर्मियों ने डीजल डालने से इंकार कर दिया।

इससे भाजपा कार्यकर्ताओं व पम्प कर्मियों के बीच काफी झड़प हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह पंप शीर्ष नेताओं व एआरटीओ ने कायमगंज से जाने वाली बसों के लिए यह पंप अधिकृत किया है। शीर्ष नेताओं व अधिकारियों से हुई पुनः वार्ता के बाद पंप कर्मियों द्वारा बसों में डीजल डाला गया। पंप कर्मियों ने बताया कि जब तक मालिक का आदेश नहीं होगा हम डीजल कैसे डाल सकते हैं।

जब डीजल भुगतान के बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं से जानकारी की तो उन्होंने कहा कि यह जानकारी शीर्ष नेता ही दे सकते हैं। कायमगंज मंडल की दस बसों को खान पेट्रोल पंप से डीजल के लिए अधिकृत किया गया था। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवकुमार शाक्य, गगन सक्सेना, अखिलेश शर्मा, अशोक गुप्ता, पंडित विवेक शर्मा, सागार गुप्ता, रिंकू कौशल, मुन्ना वर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बसों से अध्योध्याधाम के लिए रवाना हो गए।



भाजपा कार्यालय से अयोध्या रवाना हो रहे भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## भाजपाई बसों से अयोध्या रवाना

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** राम जन्मभूमि में स्थित राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए मंगलवार को जनपद से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या रवाना हुए। सांसद मुकेश राजपूत और जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने भाजपा कार्यालय से श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या के लिए रवाना की। बसों में सवार कार्यकर्ता उत्साह के साथ जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरे जनपद से 90 बसों के साथ भाजपा पदाधिकारी सहित हजारों श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं। अयोध्या जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। सभी को मंदिर में दर्शन करने के लिए पास जारी किए गए हैं।

अयोध्या में दर्शन कराने के लिए संगठन के मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारियां दी गई थीं। सांसद ने बताया कि जनपद से लगभग छह हजार श्रद्धालु प्रभु श्री राम के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, अजीत पांडेय व आदित्य मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों को नई शिक्षा नीति की दी जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज (डीएन) में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत नई शिक्षा नीति के बारे में स्वयं सेवकों को अवगत कराया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. शशिकिरण सिंह व प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने महिला सशक्तिकरण विषय पर महिलाओं की प्राचीन व वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुंदरलाल ने भारतीय संविधान में महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने महिलाओं के लिए चल रहीं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

नई शिक्षा नीति के तहत क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रियांशी राजपूत, सुमित यादव व साइंद्री चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। इससे पहले रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. वीके तिवारी, डॉ. सत्येंद्र मिश्र, डॉ. अजहर जुनैद, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह व प्रियांशु सिन्हा आदि मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद स्वयंसेवक। अमृत विचार

# गुडेरा में महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

**संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद**

- **आत्महत्या करने की वजह स्पष्ट नहीं**
- **पिता की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस**

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों से महिला ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। पुलिस कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी अजीत की पत्नी पूनम ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे मे फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई।शहजहांपुर जिले के थाना अल्लाहगंज के ग्राम कन्हारी निवासी मेंबरपाल ने दस वर्ष पूर्व अपनी पुत्री पूनम (29)की शादी अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी अजीत के साथ की थी। आज मंगलवार के सुबह करीब 6 बजे पूनम अपने बच्चों को उठाकर पति अजीत के पास लिटाकर चली गई। थोड़ी देर बाद ननद रानी कमरे मे कुछ लेने गई तो अपनी भाभी पूनम को दुपट्टे से लटके देखा। जिससे ननद रानी की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर परिजन कमरे की तरफ दौड़े। परिजनों ने दुपट्टा काटकर नीचे उतारा तब तक पूनम की मौत हो चुकी थी। पति अजीत की सूचना पर ससुर मेंबर पाल गुड़ेरा पहुंचे। उन्होंने थाने मे लिखित सूचना दी। पिता की सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ मिनेश पचौरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पूनम के दो पुत्रियां अनन्या और दिव्यांशी हैं।



पूनम।

# एलवाई कालेज में रोवर्स- रेंजर्स का प्रवेश प्रशिक्षण शिविर शुरू

**संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** एलवाई डिग्री कालेज में रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

मंगलवार को रेलवे रोड स्थित लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम स्काउट गाइड के ध्वजारोहण की ट्रेनिंग दी गई।इससे पहले शिविर का उद्घाटन मां भारती की वंदना से हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर डा. विनय कुमार सिंह ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। इस शिविर के माध्यम से आप सब सेवा करना सीखेंगे। रोवर्स प्रभारी सत्य नारायण सिंह ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स नवयुवकों के लिए एक स्वयंसेवी, गैर-राजनीतिक शैक्षिक आन्दोलन है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए बिना किसी जाति, वंश तथा धर्म के भेद-भाव के खुला है। यह 1907 में संस्थापक लार्ड बैडेन पावेल द्वारा संचालित किये गये लक्ष्य, सिद्धांत तथा पद्धति के अनुरूप है। उन्होंने कहा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व की समझ, विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना, जनजागरूकता, राष्ट्र के प्रति संवेदनशील, धर्म, जाति, वर्ग लिंग के परे होकर सेवा प्रदान करने की भावना जागृत करने के लिए रोवर्स रेंजर्स इकाई की स्थापना की गई है। प्रशिक्षण के बाद रोवर्स रेंजर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। महाविद्यालय में एक यूनिट रोवर्स एवं एक यूनिट रेंजर्स का गठन किया गया है। शिविर प्रशिक्षक तरुण कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न सत्रों में क्या सिखाया जाएगा। इसके बारे में बताया। ट्रेनिंग के दौरान विप्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड के इतिहास, इसके मोटो, उद्देश्य झंडा गीत, डायरी आदि के बारे में बताया ।



शिविर में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### तीमारदारों को स्वास्थ कर्मियों ने किया कमरे में बंद

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** सीएचसी में एंबुलेंस देरी पर स्वास्थ कर्मी व तीमारदारों में नोकझोक हो गई। स्वास्थ कर्मियों ने मरीज के साथ आए एक महिला व पुरुष को कमरे में बंद कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीमारदारों को बंद कमरे से निकलवा कर मामला शांत कराया।नगर के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में एक बुजुर्ग महिला की तबीयत खराब होने पर तीमारदार इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद महिला को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान एंबुलेंस में देरी पर मरीज के साथ आए तीमारदारों की स्वास्थ कर्मियों से बहस शुरू हो गई। इसके बाद मामला नोकझोक पर आ गया। स्वास्थ कर्मियों ने मरीज के साथ आई एक महिला व पुरुष को कमरे में बंद कर दिया। इसका तीमारदारों ने विरोध किया। मामले की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला व पुरुष को बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाई। मरीज को लोहिया अस्पताल के लिए भेजा। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### कूड़ेदान पर कब्जे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कूड़ादान पर कब्जे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में कूड़ा डालने के लिए बनाए गए कूड़ादान पर अवैध कब्जे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कूड़ादान के ऊपर मोमिया तनी है। वहां टयूवेल का स्टार्टर लगा है। वही कपडे.भी पड़े है। वही पास में चारपाई भी पड़ी है। वहां एक व्यक्ति आराम भी करता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल पर लोग कमेंट कर रहे है और कहते है, देखा यहा तो कूड़ादान ही सुरक्षित नहीं है। यह वायरल वीडियो अताईपुर का बताया जा रहा है।

### सरकारी अस्पताल में दंत चिकित्सक की तैनाती

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** कस्बा कायमगंज के सरकारी अस्प्ताल में काफी समय से कोई दंत चिकित्सक नही था ।काफी समय बाद सरकारी अस्पताल में दन्त चिकित्सक सचिन फ्रेंज़िया की तैनाती की गई है। जिससे अपने दांतों को दिखाने के लिए आसपास के जिलों से भी मरीजो को फायदा मिलेगा ।उन्हें अब वापस नहीं लौटना पड़ेगा। लोगों को अब तक दांत की परेशानी होने पर शहर की ओर रुख करना पड़ता रहा है। क्षेत्रवासी अब दांत के दर्द में भटकने के बजाय अस्पताल जाएंगे।

# सात लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम का दर्ज हुआ केस

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** बीते दिन कंपिल में मिले प्रतिबंधित मांस के मामले में थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरक्षा सरंक्षण दल के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर कार्रवाई की गई।

बीते दिन कंपिल में गोमांस पकड़ा गया था। गांव पहाड़पुर निवासी राष्ट्रीय गौरक्षा सरंक्षण दल के जिलाध्यक्ष दानवीर सिंह ने हंगामा करते हुए पुलिस की मिलीभगत से गोमांस की बिक्री किए जाने का आरोप भी लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देते हुए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया था। मंगलवार को जिलाध्यक्ष ने गांव इकलहरा निवासी मैसर खां, एसर खां, तेजूम, जमशाद, तेजूब, इसरार, इरशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया कि तीन मार्च को ग्रामीणों की सूचना पर वह गांव इकलहरा पहुंचे, जहां मैसर खां के यहां गोवंश का मीट पकाया जा रहा था। पुलिस ने मैसर खां के यहां दबिश देकर मीट का टुकड़ा बरामद कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा है।

# आम के पेड़ों को काट रात में ही ठिकाने लगाया गया

**संवाददाता, शमशाबाद-फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** शमशाबाद थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओ के हौसले बुलंद है । क्षेत्र में कहीं न कहीं रात के अंधेरे में हरे-भरे वृक्षों को काटकर धरती की हरियाली उजाड़ी जा रही है । ताजा मामला विकासखंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम धरमपुर में देखने को मिला । यहां लकड़ी माफिया ने भारी भरकम आम के पेड़ों का सौदा करने के बाद रातों-रात कटवा दिए और ट्रैक्टर ट्राली में लदवाकर ठिकाने भी लगा दिए ।

बताया गया सुबह के वक्त जब लोगों का आना जाना हुआ उक्त स्थान पर गुजरते समय अजीब सा लगा । पहले उस जगह पर एक भारी भरकम आम का पेड़ था, लेकिन मौके पर कटे हुए आम के पेड़ जड़ के निशान ही शेष थे । लकड़ी माफियाओ द्वारा क्षेत्र में हरे भरे वृक्षों को कटवाए जाने को लेकर तमाम लोगों ने पुलिस तथा वनाधिकारियों की लापरवाही पर अफसोस जताया। कहा अकि गर अधिकारियों की लापरवाही यूं ही बनी रही तो एक दिन क्षेत्र में जंगल समाप्त हो जायेंगे। धरती की हरियाली भी समाप्त हो जाएगी। सरकार पौधरोपण कराकर धरती हरा-भरा करने में लगी है। वहीं लकड़ी माफिया इसे खत्म कर जेबें भरने में लगे हैं। लोगों का कहना था शमासबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में माफियाओं ने अब तक न जाने कितने हरे फलदार पेडों के बागों को उजाड़ा होगा और जब भी वनाधिकारियों से शिकायत की गई तो माफियाओ के खिलाफ मामूली जुर्माने की कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया । यही कारण है माफियाओं के हौसले बुलंद है और हरे भरे फलदार वृक्षों को कटवा कर धरती की हरियाली उजाड़ रहे हैं । विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



कटी पड़ी आम की लकड़ी। अमृत विचार

## डाकघर में आधार कार्ड बनना बंद

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज डाकघर में काफी संख्या में आधारकार्ड बनाये व अपडेट किये जाते है। जिससे आसपास के ग्रामीण व कस्वे से आने वाले लोगो को अपना आधार कार्ड अपडेट व नया बनबाने में कोई दिक्कत नही होती है।आधार कार्ड आपरेटर सुनील कुमार ने बताया कि शनिवार से आधार कार्ड की साइट में तकनीकी समस्या आ रही है ।जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गयी है। तीन चार दिनों में आधार कार्ड का कार्य सुचारु रूप से होने लगेगा।

**In the Court of VI Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court Indore**
Presiding Officer: अरुण श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**MACC/2200665/2016**
**किरण VS जवाहर**
पेशी दिनांक 11.03.2024
प्रेषिति,
1. जवाहर पिता देवीशरण मिश्रा
पताः जयनारायण वर्मा रोड, फर्रूखाबाद (उत्तरप्रदेश)
2. अशोक कुमार पिता सनमान सिंह यादव, पताः ग्राम बाबरपुरा थाना महूदखाजा फर्रूखाबाद (उत्तरप्रदेश)
यह कि प्रार्थी किरण ने आपके विरुद्ध क्लेम केस के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायाल में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपको कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 20.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायाल की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **न्यायाधीश**
**षष्टम् सदस्य, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, इन्दौर (म.प्र.)**
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**लापरवाही** | मृत गोवंशों को कुत्ते, मांसाहारी पक्षी नोचकर खा रहे, जिम्मेदार मौन

# खगऊ गोशाला में भूख-प्यास से दम तोड़ रहे गोवंश

**संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** शमसाबाद ब्लॉक क्षेत्र में खगऊ गौशाला का बुरा हाल है। गोपालकों की लापरवाही से मृत गायों को जंगली कुत्ते और मांसाहारी पक्षी अपना शिकार बना रहे है। इस क्षेत्र के रहने वाले लोगो का कहना है कि कहने के यह गौशाला है, लेकिन यहां गोवंश भूख-प्यास से मर रहे हैं।

चारा के लिए इधर-उधर विचरण करने वाले आवारा गोवंश कहीं न कहीं किसानों के लिए ही मुसीबतों का कारण बनते हैं। क्षेत्र के रामनिवास, महेश चंद्र आदि का कहना है कि गोवंश संरक्षण के लिए सरकार ने जगह-जगह गोशलाओ का निर्माण कराया गया है। वहीं ग्राम प्रधानों को सुरक्षा का जिम्मा भी सौंपा गया है। खिलाने की भी व्यवस्थाएं भी सरकार कर रही है। काफी बजट भी प्रशासन को उपलब्ध कराया जाता है । गोवंश सुरक्षा का जिम्मा गोपालकों को सोपा गया है । इस कार्य का उनको समय से मानदेय भी दिया जाता है। फिर भी अफसोस कहीं न कहीं हर कोई मुंह मोड़ रहा है। जिंदगी और मौत से संघर्ष करने वाले गोवंशो का गोशालाओ में हाल-बेहाल है। विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की खगऊ गोशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार है। तमाम गोवंश भटकते तो कुछ को जिंदगी मौत से संघर्ष करते हुए देखा जा रहा है। एक गोवंश को कुत्ते पक्षी अपना शिकार बना रहे थे। सरकार ने गोवंश संरक्षण की तमाम व्यवस्थाये की फिर भी गोशालाओ में गोवंशों का हाल बेहाल देखा जा रहा है। गोशाला में तमाम गोवंश भूख से तड़पकर दम तोड़ रहे हैं। जंगली कुत्ते उनको अपना निवाला बना रहे हैं। बताते है उक्त गोशाला जिसमे एक गोवंश की मौत हो गई और शव गड्ढे में दफन किया गया लेकिन आधा अधूरा दबे होने की से पशु-पक्षी उसे नोच-नोच कर खा रहे हैं। लोगों का कहना है इससे तो अच्छा गोवंश उसी हाल थे। जनप्रतिनिधि जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। वही गोपालको की भी अनदेखी भी गौवंशो की बदहाली का कारण बनी हुई है । इस सम्बंध में एसडीएम यदुवंश कुमार का कहना है कि गोशाला की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



गोशाला में मौजूद जंगली कुत्ता व गाय। अमृत विचार

# हाईस्कूल और इंटर के 671 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** मंगलवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में गृहविज्ञान, ट्रेड, कंप्यूटर और भूगोल कृषि विषय का पेपर हुआ। परीक्षा केंद्रों में तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियो प्रवेश दिया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 671 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए।

यूपी बोर्ड परीक्षा सुबह और शाम की पाली में आयोजित हुई। सुबह की पाली में हाईस्कूल का गृहविज्ञान विषय के पेपर में पंजीकृत 8043 परीक्षार्थियो में 7518 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 525 अनुपस्थित रहे। सुबह की ही पाली में इंटरमीडिएट का ट्रेड विषय के पेपर में पंजीकृत 263 परीक्षार्थियो में 251 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 12 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में हाईस्कूल का कंप्यूटर विषय का पेपर हुआ। इसमें पंजीकृत 384 परीक्षार्थियो में 381 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और तीन परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। शाम की ही पाली में इंटरमीडिएट का भूगोल और कृषि विषय का पेपर हुआ। इसमें पंजीकृत 2521 परीक्षार्थियो में 2390 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 131 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

अकामान् कामयति य : कामयानान् परित्यजेत् ।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी



के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रॉप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंने 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजे़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।



निधि नित्या
जबलपुर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

# संदेशखाली की घटना के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

## पीड़ित महिलाओं को मिले न्याय व उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग, की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों के विरोध में एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

एबीवीपी की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तान्या मिश्रा ने कहा विगत कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। एबीवीपी मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली की इस घटना से आहत है और इसकी भर्त्सना करती है।

विगत 10 फरवरी 2024 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई जनमानस के समक्ष आ सकी। पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं और अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की अति से तंग जिला सहसंयोजक ऐश्वर्य गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा संदेशखाली की महिलाओं का शोषण हो रहा है। राज्य की पुलिस उचित कानूनी कारवाई करने में विफल रही है; इसलिए एबीवीपी की यह मांग है कि इन महिलाओं को न्याय दिलाने में राष्ट्रपति द्वारा हस्तक्षेप किया जाए। कार्यकर्ताओं ने डीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ये रहे मौजूद

विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पाल, ऋतिक गुप्ता, राजन बाजपेई, राहुल राजपूत, अमरनाथ दुवे, अंश त्रिपाठी, रामजी राजावत, प्रियांशू सोनी, राज राजपूत, अभय भदौरिया, अजर दुवे, लकी गुप्ता, आर्यन, नरेंद्र सिसोदिया, हर्ष गुप्ता, अंकित, कृष्णा शर्मा, नितिन, असित यादव, अभिषेक सिंह, रामवीर, असित यादव, विमल, संदीप, ललित यादव, विमल गोयल, आदित्य तोमर, असित पाल, अमन कुमार, नितिन दुवे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ज्ञापन में की गई मांगें

संदेशखाली के पूरे प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसियों से कराई जाए, महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया जाए, पीड़ित महिलाओं को नि :शुल्क कानूनी सहायता मिले ।

## तीन माह से अटकी है एएओ से एओ की पदोन्नति

**इटावा।** यूपी लोकसेवा आयोग की लापरवाही से सहायक लेखाधिकारी संवर्ग की पदोन्नति लेखाधिकारी के पद पर नहीं हो पा रही है। दिसंबर से यह मामला आयोग में पड़ा हुआ है। पदोन्नति प्रक्रिया में हो रही देरी पर लेखा संवर्ग ने रोष व्यक्त किया है। इस बारे में मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभागों को पत्र लिखकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की गई है।

प्रदेश में केवल 13 जिलों में लेखाधिकारी संवर्ग के अधिकारी तैनात हैं। बाकी जिलों में पद रिक्त पड़े हुए हैं। वहीं 34 सहायक लेखाधिकारियों की पदोन्नति का प्रस्ताव शासन के माध्यम से लोक सेवा आयोग को 13 दिसंबर को भेजा गया। मार्च का महीना चल रहा है। अभी तक पदोन्नति प्रक्रिया पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है। वहीं 34 में से 4 एओ बगैर पदोन्नति पाये ही सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। संवर्गीय अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं। आदर्श चुनाव आचार संहिता कभी भी लग सकती है। इस अवधि में भी करीब आधे अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाएंगे।


रेलवे स्टेशन के बाहर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया (इनसेट)।

# तन-मन से समर्पित होकर सेवा कर सकूंगा : सांसद रामशंकर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के बाद डॉ. रामशंकर कठेरिया के जनपद आगमन पर विशाल आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। आशीर्वाद यात्रा में कार्यकर्ताओं और आम लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। सांसद ने टिकट मिलने के बाद पहली बार अपना शक्तिप्रदर्शन किया। इटावा में बड़ी बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात दिलाने वाले सांसद का इस्तकबाल भी आम जनता ने दिल खोलकर किया। निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से पहुंची एनई एक्सप्रेस से जैसे ही सांसद उतरे कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उन्हें हाथों हाथ लिया। फूल मालाओं से लाद कर और गोले दाग कर उनका स्वागत किया। सबसे पहले जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

आशीर्वाद यात्रा में 500 से अधिक चारपहिया वाहनों से 2000 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी एवं सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया लोकसभा भ्रमण कर जनता से आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए अबकी बार 400 पार, यही समय है सही समय है, मोदी योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे-मातरम के जयकारों से माहौल को भाजपामय बना दिया ।

आशीर्वाद यात्रा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शास्त्री चौराहा होते हुए बस स्टैंड होते हुए पक्का बाग चौराहे से होते हुए एनएच से औरैया होते हुए पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुई । अपने संबोधन में डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मेरा परम सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से इटावा लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर आप लोगों के बीच सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। मुझे विश्वास है कि लोकसभा की सम्मानित जनता का पुनः आशीर्वाद मिलेगा और मैं तन-मन से समर्पित होकर आप सबकी व देश की सेवा कर सकूंगा। लोकसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन से हाथ जोड़कर अपील है कि अपना बहुमूल्य मत रूपी आशीर्वाद देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना सहयोग व समर्थन प्रदान करें। आशीर्वाद यात्रा में प्रमुख रूप से सांसद पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक केके राज, आयुष राज, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, बसरेहर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव 'बबलू', जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह, अरविंद दीक्षित, अमित तिवारी मानू, ब्लाक प्रमुख मोहित दुबे, अंशुल अशोक दुबे, विक्रम अग्रवाल, जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, रजत चौधरी, रोहित शाक्य, विरला शाक्य, मनीषा शुक्ला, मुकेश यादव, गोपाल मोहन शर्मा, मुनेश बघेल, रईसुद्दीन राइन सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।


फूल मालाओं से सांसद का स्वागत करते भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता। अमृत विचार

### समर्थन देख विपक्षी खेमें में मची खलबली

**इटावा।** आशीर्वाद यात्रा के बहाने अपने समर्थन का शक्ति प्रदर्शन कर डॉ. रामशंकर कठेरिया ने विपक्षी खेमों में खलबली मचा दी। सपा, बसपा से अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। परंतु दोनों ही विपक्षी दलों के नेताओं के पास आशीर्वाद यात्रा की पल पल की खबर पहुंच रही थी। दूसरे दलों के खुफिया तंत्र से जुड़े लोग भी फोटो और वीडियो भेजकर भीड़ की जानकारी दे रहे थे। इटावा से सिकंदरा तक आशीर्वाद यात्रा ने विपक्षी दलों के माथे पर बल डालने का काम किया।

- आशीर्वाद यात्रा में सांसद रामशंकर के स्वागत में उमड़ा लोगों का हुजूम

# नत्थू सिंह महाविद्यालय में छात्रों को नहीं मिल रहे स्मार्ट फोन, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चौधरी नत्थू सिंह महाविद्यालय सहसारपुर कुम्हावर के बीएससी फाइनल ईयर के दर्जनों छात्र छात्राओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल किशोर को दिया।

ज्ञापन में छात्राओं ने बताया कि उन्हें स्मार्ट फोन नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन पर स्मार्ट फोन न दिए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि बीएससी में एडमिशन के दौरान 500 /500 रुपये स्मार्टफोन के रजिस्ट्रेशन के लिए जमा कराए गए थे। उसके बाद भी छात्राओं को स्मार्टफोन देने से इनकार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को विद्यालय में स्मार्टफोन बांटे गए तो हमें फोन नहीं दिए गए। जब हम पता करने विद्यालय प्रशासन के पास गए तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया बताया कि आपका नाम सूची में नहीं है । आपको स्मार्टफोन नहीं दिया जा सकता। ऐसे करीब 40 छात्र छात्राएं हैं जिन्हें सरकार के लाभ से वंचित किया जा रहा है । उन्होंने जिलाधिकारी से स्मार्टफोन दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रश्मि, रौनक, रश्मि द्वितीय, शिल्पी, जोली, रत्नेश कुमार, पूजा कुमारी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# दो युवकों ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर घरेलू कारणों से परेशान दो युवकों ने अपने घरों पर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



पहली घटना बलरई थाना क्षेत्र अंतर्गत महामई गांव में 40 वर्षीय एक युवक ने गृह कलेश के चलते फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी श्याम सुंदर उर्फ ढोले जाटव 40 वर्ष जो शराब पीने का आदी बताया गया है। सोमवार की शाम को उसकी अपने परिजनों से किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गई। जिससे उसने देर रात अपने कमरे में पंखे से अंगोछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । मौके पर पहुंचे बलरई थाना निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने छानबीन कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा में हुई जहां घरेलू कारणों से परेशान अमित राठौर 28 वर्ष पुत्र जगलेश राठौर ने मंगलवार को अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब वह कुछ समय तक कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनों ने जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## फरार दो शातिर इनामी गैंगस्टर धरे गये

**बकेवर, इटावा।** मंगलवार सुबह एसएसआई हेमंत कुमार सोलंकी को सटीक सूचना मिली कि एक महीने से फरार चल रहे गैंगस्टर के पांच पांच हजार रुपये के इनामी पश्चिमी तिराहे पर किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। इस पर पुलिस फोर्स ने घेराबंदी करके जसवंतनगर के शनि तथा औरैया के थाना एरवा कटरा के गांव नगला वेस के आकाश उर्फ देवा मिश्रा को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके जेल भिजवाया। एसएसआई ने बताया कि दोनों संगीन वारदातों को अंजाम देते हैं, इनके पकड़े जाने से घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# सीएम व डिप्टी सीएम आज शहर में

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सीएम के दौरे को लेकर जिला अस्पताल में बना सेफ हाउस

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक बुधवार को सैफई मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री के द्वारा मेडिकल कॉलेज में नव निर्मित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण भी किया जाएगा । सीएम के दौरे के चलते जिला अस्पताल में भी सेफ हाउस बनाया गया है।

मुख्यमंत्री सुबह 11:45 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे। एक घंटे से ज्यादा समय तक वह मेडिकल कॉलेज में रहेंगे। जिला प्रशासन के साथ मेडिकल कॉलेज प्रशासन के द्वारा भी मुख्यमंत्री के आने को लेकर व्यापक के स्तर पर तैयारी की जा रही है। सोमवार को ही जिला अस्पताल के सीएमएस के द्वारा लेटर जारी करके डॉक्टरों व स्टाफ को सुसज्जित वेशभूषा में रहने के निर्देश दिए गए है। जिला अस्पताल की कार्डियोलॉजी में दो बेड का सेफ हाउस भी बनाया जा रहा है।

सेफ हाउस में फिजिशियन डॉ अजय शर्मा के साथ वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ आरकेपी सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक गुप्ता , चीफ फार्मासिस्ट डॉ सीसी पाल , की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को पूरे दिन सेफ हाउस में तैयारियां चलती रही।

### एंबुलेंस में डॉक्टरों व स्टाफ की लगाई गई ड्यूटी

**इटावा।** सीएम व डिप्टी सीएम की फ्लीट में दो एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगी। मुख्यमंत्री की फ्लीट के साथ चलने वाली एंबुलेंस में एनेस्थेटिस्ट डॉ. अरुण कुमार के साथ सर्जन डॉ. मंगल सिंह, प्रशांत यादव, सुशील दीक्षित, भूपेंद्र सिंह, तथा डिप्टी सीएम की फ्लीट में शामिल एंबुलेंस में चिकित्साधिकारी गौरव यादव, उपकार यादव, फार्मासिस्ट भगत सिंह, एलटी संजीव प्रताप सिंह व वार्ड व दीपक कुमार की ड्यूटी लगाई गईहै।

# पड़ोस युवा संसद में विकसित भारत 2047 पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- नेहरू युवा केंद्र ने किया जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। इसमें विकसित भारत और नारी सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। केके डिग्री कॉलेज में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया।

उन्होंने कहा कि देश के निर्माण और विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से युवाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं स्टार्टअप जैसी योजना मोदी सरकार ने चलाई है। युवाओं को स्वरोजगार देने के लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं। जिला विकास अधिकारी श्री कृष्णा ने युवाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा युवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें तथा रचनात्मक कार्यों से जुड़ें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र सिंह ने कि उन्होंने कहा कि नेहरु युवा केंद्र युवाओं के मुद्दे पर बेहतर तरीके से कार्य कर रहा है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चन्द्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस पड़ोस युवा संसद में विकसित भारत 2047, नारी सशक्तिकरण, मोटा अनाज, लोकल फोर लोकल पर चर्चा की गई। एनएसएस के छात्रों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि राजीव राज, लेखाकार श्रवण कुमार बाथम, राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार शर्मा, शरद तिवारी, दीप नारायण शुक्ला आदि रहे।



पड़ोस युवा संसद में भाग लेने वाले युवा प्रमाणपत्र के साथ। अमृत विचार

**रक्षा मंत्रालय का तोहफा** | पीपीपी मॉडल पर संचालित होग सैनिक स्कूल, छात्र- छात्राओं का हो सकेगा दाखिला, बच्चे ले सैनिक शिक्षा

# अब सैनिक स्कूल में शुरू होगा दाखिला, उद्घाटन कल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सात मार्च को कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे उद्घाटन
- परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे का भी होगा लोकार्पण

**अमृत विचार।** रक्षा मंत्रालय के अधीन न्यू सैनिक स्कूल संकल्पना के तहत इटावा में भी सैनिक स्कूल प्रारंभ होने जा रहा है। कई प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों का सफल संचालन कर रहे मुन्ना स्मृति संस्थान को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिली है। आगामी सात मार्च को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह एवं एमएलए सदर सरिता भदौरिया भी उपस्थित रहेंगी।

मंगलवार को शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी प्रबंधक आशीष भदौरिया ने दी। बताया कि सैनिक स्कूल इटावा को सीबीएसई और सैनिक स्कूल सोसायटी दोनों नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुसार छात्रों को शिक्षा देनी होगी। शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल उदी में इसी सत्र से पीपीपी माडल पर आधारित सैनिक स्कूल में पठन पाठन शुरू हो जाएगा।

आशीष भदौरिया ने बताया कि सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और वातानुकूलित छात्रावास, भोजनालय, स्वीमिंग पूल, एथलेटिक्स ट्रैक, अनेकों खेलों के कोर्ट और मैदान तैयार हैं। इसके साथ ही निकट भविष्य में सैनिक स्कूल इटावा के कैडेट्स को घुड़सवारी और शूटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मिलिटरी रिलेटेड ट्रेनिंग सेना के रिटायर्ड कार्मिकों के द्वारा दी जाएगी।

मेंटर स्कूल सैनिक स्कूल मैनपुरी के प्रिंसिपल कर्नल अग्निवेश पांडेय ने कहा कि न्यू सैनिक स्कूल की स्थापना के पीछे लक्ष्य है कि छात्रों नई शिक्षा नीति के तहत आधुनिक शिक्षा देने के साथ ही उन्हें सैन्य मूल्यों में भी प्रशिक्षित करना है। वैसे तो सैनिक स्कूल में छात्रों के विशेष प्रशिक्षण का पहला लक्ष्य एनडीए के माध्यम से सेना में अधिकारी बनने का होता है, जो छात्र सेना का कैरियर नहीं भी चुनते हैं वे जीवन के किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नेतृत्वकर्ता बनते हैं।

प्रिंसिपल एके चतुर्वेदी ने बताया कि सैनिक स्कूल इटावा में 40 से 50 प्रतिशत कैडेट्स (छात्रों) का प्रवेश ऑल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेस एग्जाम की मेरिट के आधार पर होगा। शेष कैडेट्स के चयन के लिए सैनिक स्कूल सोसायटी की निगरानी में 17 मार्च को एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। जो अभिभावक अपने बच्चों को सैनिक स्कूल इटावा में प्रवेश दिलाना चाहते हैं वे सैनिक स्कूल इटावा की वेबसाइट www. sainikschooletawah.org पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा वे शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में बने हेल्प डेस्क पर भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सफल छात्रों को योग्यता अनुसार भारत सरकार रक्षा मंत्रालय की ओर से स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि सैनिक स्कूल इटावा में एक कैडेट (छात्र) की दिनचर्या प्रातः पांच बजे शुरू हो जाएगी और रात दस बजे तक चलेगी। इस पूरे 17 घंटों के प्रशिक्षण को फिजिकल ट्रेनिंग, योग, एकेडमिक ट्रेनिंग, एकेडमिक प्लस एक्टिविटी, स्किल बेस्ड ट्रेनिंग, मिलिट्री ड्रिल ट्रेनिंग, एनसीसी, फील्ड क्राफ्ट ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, रिक्रिएशन और सेल्फ स्टडी में विभाजित किया गया है। इस मौके पर सीबीएसई के सिटी कोआर्डिनेटर डॉ आनंद मुनि और शकुंतलम की प्रिंसिपल वर्षा सिंह भी मौजूद रहीं।



पत्रकारों से बात करते प्रिंसिपल अग्निवेश, आशीष भदौरिया एवं विधायक सरिता भदौरिया।

### डे स्कॉलर भी हो सकते हैं कैडेट

अभिभावक अपने बच्चों को दिन भर के प्रशिक्षण के बाद घर ले जाना चाहते हैं तो ले जा सकते हैं। हालांकि यह सुविधा कड़ी शर्तों को पूरी करने के बाद ही दी जाएगी। कैडेट बिना बैग के घर से स्कूल आएंगे। सारे प्रशिक्षण लेने के बाद घर वापस जा सकेंगे। उन्हें स्कूल में ही लॉकर्स, भोजन, और अन्य सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी।

# सड़क हादसों में चार घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसो में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोस्टमार्टम हाउस के पास हुई। जहां तेजी से आ रही कार ने टिर्री में टक्कर मार दी। जिससे टिर्री पलट गई और उसमें सवार रिंकू पुत्र रोहन सिंह निवासी टीबी अस्पताल के पास घायल हो गया। दूसरी घटना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अड्डा बगिया के पास हुई जहां बाइक से जा रहे लालू पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी अड्डा बगिया को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। तीसरी घटना हाईवे पर गोपाल ढाबा के पास हुई जहां तेजी से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दीपेश तिवारी पुत्र रमाकांत निवासी मानिकपुर विसू घायल हो गया। चौथी घटना बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव बादरी पूठ के पास हुई जहां साइकिल से जा रहे राम अवतार पुत्र बृज लाल को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात वृद्ध की मौत

**इकदिल।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन के चपेट में आने से अज्ञात 65 साल के वृद्ध की मौत हो गई। उनकी पहचान नहीं हो सकी। थाना क्षेत्र में लोहिया नहर पुल गांव रामपुर नावली व अलाई के नगला के पास रेलवे लाइन पार करने के दौरान अज्ञात वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया गया। वह कोकोकोला रंग की गर्म बनियान और सिलेटी कलर का पेंट पहने हुए है।

# राहुल और अखिलेश को राजनीति की समझ नहीं

## भाजपा सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने टिकट मिलने के बाद निकाली आशीर्वाद यात्रा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा सीट से निवर्तमान सांसद प्रो. राम शंकर कठेरिया को दोबारा भाजपा से टिकट मिलने पर आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। औरैया पहुंची आशीर्वाद यात्रा के दौरान रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इसबार भाजपा 400 पार है। कठेरिया ने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी को राजनीति की समझ नहीं है।


आशीर्वाद यात्रा के दौरान जानकारी देते सांसद रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

इटावा लोकसभा से टिकट मिलने के बाद पहली बार औरैया पहुंचे प्रो. रामशंकर कठेरिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने पुनः इटावा लोकसभा सीट पर लड़ने का मौका दिया और जनता की सेवा करने का अवसर प्रदान किया।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा की अभी वर्तमान की राजनीति से दोनो ही लोग अनभिज्ञ है और दोनों ही लोगों को राजनीति की समझदारी नहीं है।

### प्रदेश की 80 सीटों पर खिलेगा कमल

- प्रो. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर बीजेपी का कमल खिलेगा। इटावा से चंद्रशेखर आज़ाद के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जीत तो राम की होगी। रावण अपनी दुर्दशा कराए तो मैदान में आए। अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने के सवाल पर प्रो. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि अखिलेश यादव कन्नौज से डर गए जनता उनको वोट नहीं देगी। प्रो. रामशंकर कठेरिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है और बीजेपी अबकी बार 400 पार सीटें लाने जा रही है।

# फफूंद के पक्का तालाब पर बनेगा योग सेंटर

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- योग का प्रसार करने के लिए शुरू की कवायद
- चेयरमैन और ईओ ने चल रहे कार्य का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** नित्य योगासन करने वालों के लिए अच्छी खबर है। नगर पंचायत ने एक अच्छे योग सेंटर का निर्माण शुरू करा दिया। कस्बे के पक्के तालाब के पास बन रहे योग सेंटर का शुक्रवार को चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी ने निरीक्षण किया। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि लोगों की मांग पर जिलाधिकारी की अनुमति लेकर योगा सेंटर का निर्माण शुरू करा दिया गया है।


योगा सेंटर का निरीक्षण करते चेयरमैन। अमृत विचार

कस्बे के ककोर रोड पर पक्का तालाब स्थित है। कस्बे के लोगों के मॉर्निंग वाक के लिए शांत वातावरण और हरियाली से हरी भरी यही एक मात्र जगह है। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम एक हजार से अधिक कस्बेवासी मॉर्निंग और इवनिंग वाक करने के साथ ही नजदीक के पार्क में योग क्रिया भी करते हैं। छह माह पूर्व से कस्बे के लोग यहां योग सेंटर बनाने की मांग कर रहे थे। जिसके लिए स्वयं सेवी संस्था सोशल वेलफेयर कमेटी ने भी चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर योगशाला सेंटर बनाने की मांग की थी। इसके बाद अधिशाषी अधिकारी डा. विनय कुमार शुक्ला ने कार्यवाही पूरी करते हुए अनुमति देने के लिए जिलाधिकारी को फाइल भेजी थी। हाल में जिलाधिकारी ने कस्बे में योगशाला सेंटर बनाने की संस्तुति प्रदान कर दी है। जिसका काम भी शुरू करा दिया गया है। शुक्रवार को चेयरमैन मोहम्मद अनवर और अधिशाषी अधिकारी ने पक्का तालाब पर पहुंचकर कार्य को देखा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय वित्त से छह लाख रुपये की लागत से भव्य योगा सेंटर बनाया जा रहा है। इसके तहत योगा स्थल को पक्का कर टायलीकरण किया जायेगा। इसके चारों तरफ रेलिंग से सुसज्जित किया जाएगा। रेलिंग के किनारे पत्थरों को कुर्सियां भी लगाई जाएंगी।

## एक नजर

### सोशल मीडिया पर गाली देने का ऑडियो वायरल

**अछल्दा।** सोशल मीडिया पर गाली देने का ऑडियो आने पर पीड़ित युवक ने मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित शैलेंद्र कुमार निवासी सोहनी, थाना बिधूना ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात सोमवार को एक ऑडियो उसके व्हाट्सएप पर आया। इसमें सुनील कुमार पुत्र बालकराम (जोशी) निवासी गांव सलेमपुर थाना अछल्दा ने ऑडियो में भद्दी भद्दी गालियां दी और मेरी दुकान में आग लगाने व जान से मारने की धमकी दी। प्रसाशन को भी अभद्र शब्द कहे। थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

### विकास भवन में ट्रांसजेंडर गोष्ठी कल होगी

**औरैया।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में 7 मार्च को दोपहर एक बजे विकास भवन सभागार में ट्रांसजेण्डर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. इन्द्रा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद स्तर पर आयोजित गोष्ठी का उद्देश्य ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों, पुलिस के अधिकारियों, सामाजिक कार्य से जुड़े व्यक्तियों एवं मीडिया को आमंत्रित कर ट्रांसजेण्डर से संवाद स्थापित करने तथा उन्हें ट्रांसजेण्डर पंजीकरण के संबंध में विस्तार से अवगत कराना है। गोष्ठी में ट्रांसजेण्डर सुरक्षा एवं सम्मान आदि विषयों पर चर्चा करने के साथ ही गोष्ठी में ट्रांसजेण्डर को आधिकाधिक संख्या में भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

## कैलाश खेर के स्टेज पर आते ही जमकर बजीं तालियां, महोत्सव में जमने लगी रंगत

# रातभर गूंजे कैलाश खेर के गीत, झूमे दर्शक

औरैया महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** औरैया महोत्सव में पहुंचे कैलाश खेर को देख दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। पूरी रात चले कार्यक्रम में लोग उनके गीतों पर झूमते रहे। औरैया महोत्सव में सूफी गायक कैलाश खेर ने अपनी गायकी से समारोह में जान फूंक दी। सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति में कैलाश खेर ने एक के बाद एक गानों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में ही कैलाश खेर ने कहा कि आप लोग जाग गए हैं, मेरे राम जाग गए हैं। वोट देने योग्य हो गए है तो जरूर वोट देना। कहा की बड़े-बड़े ताकत वाले देश आपस में लड़ रहे हैं और भारत की तरफ बेचारे देख रहें हैं कि यह हमे बचा लेंगे ये मेरा बीच बचाव कर लेंगे। यह है भारत की ताकत।कहा मेरे राम जग गए हैं आपके हृदय में इनको अपने हृदय में जागे रहने देना और वोट करो हर बुराई पर नुकीली दो चोट दो वोट दो ।कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, एसपी चारू निगम समेत जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे और कई भाजपा नेता व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


औरैया महोत्सव में प्रस्तुति देते कैलाश खेर। अमृत विचार



महोत्सव के दौरान जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

# किसानों ने सीखी खेती की तकनीक

कार्यालय संवाददाता, औरया

**अमृत विचार।** औरैया महोत्सव में आयोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूटीसीरियल्स घटक) योजनान्तर्गत आयोजित दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का उदघाटन सीडीओ ने किया। सीडीओ ने जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए कृषकों से कहा कि वह अपनी आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से कृषि करें और अपनी उत्पादकता बढ़ाएं। इस अवसर पर कृषि एवं कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान मेला में कृषि एवं कृषि संबंधित विभागों द्वारा एवं निजी कंपनियों, लाइसेंस धारक विक्रेताओं द्वारा स्टार लगाए गए। अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई।

मेले में जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि श्री अन्न (मोटा अनाज) का उत्पादन धीरे-धीरे कम होता गया। भारत सरकार द्वारा श्री अन्न को पुनः नए सिरे से शामिल करने हेतु जोर दिया जा रहा है। श्री अन्न ग्लूटेन मुक्त है इसे शुष्क जलवायु कम पानी, उर्वरक व कीटनाशकों की न्यूनतम आवश्यकता होती है। यह स्वास्थ्यवर्धक व पौष्टिकता से भरपूर होता है श्री अन्न को धीरे-धीरे अपने आहार में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। डॉ. उमेश दुबे, शस्य विज्ञान विभाग जनता महाविद्यालय, अजीतमल औरैया, राम पलट कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी औरैया हिमांशु रंजन श्रीवास्तव एवं एन.एफ. एस.एम सलाहकार विवेक मोहन द्विवेदी द्वारा कृषकों को श्री अन्न (रागी, सावा,कोदो, बाजरा को ज्वार इत्यादि )के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### श्री अन्न के महत्व बताए

कृषि अधिकारी बताया कि श्री अन्न हमारे लिए क्यों आवश्यक है तथा इनमें पाए जाने वाले पौष्टिक तत्वों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। आज गेहूं और चावल के अत्यधिक सेवन से शुगर, हार्ट अटैक व कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। श्री अन्न से बने व्यंजनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करके इन बीमारियों से बचा जा सकता है। तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचा सकते हैं। दिनेश कुमार तिवारी पूर्व विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा कृषकों को श्री अन्न की उपयोगिता के बारे में अवगत कराते हुए कृषकों को रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करने हेतु भी सलाह दी गयी। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश चंद्र इत्यादि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# टॉयलेट गया छात्र लापता स्कूल में मच गया हड़कंप

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

- परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप
- पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज, नहीं लगा सुराग

**अमृत विचार।** कंचौसी नगर के डॉल्स डिलाइट पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 के एक छात्र के गायब हो जाने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्कूल के प्रबंधक द्वारा बच्चे के घर में सूचना दी गई। देर तक तलाशने पर भी छात्र का पता नहीं चल सका है।

कंचौसी चौकी थाना दिबियापुर क्षेत्र के गांव घसा का पुरवा निवासी भानुप्रताप यादव का पुत्र धैर्यांश 10 वर्ष कंचौसी कस्बा स्थिति डॉल्स डिलाइट पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 का छात्र है। दोपहर लगभग 12.55 पर वह अध्यापक से छुट्टी लेकर टायलेट गया, लेकिन काफी देर बीतने तक छात्र टॉयलेट से अपनी कक्षा में वापस नहीं लौटा। इस पर स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य व स्टाफ के द्वारा बच्चे को टॉयलेट, पीछे के गेट, प्रवेश द्वार पर तलाशा गया लेकिन बच्चा नहीं मिला। थोड़ी ही देर में बच्चे के न मिलने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। प्रधानाचार्य, दीपक राठौर द्वारा कंचौसी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बच्चे के गुम होने की शिकायत की गई। पुलिस चौकी में चौकी इंचार्ज के न होने से हमराही कांस्टेबल ने आनन-फानन आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगाला, लेकिन लापता बच्चे की कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई।

छात्र का बैग टेबल पर स्कूल में रखा मिला है, और साइकिल बाहर स्टेंड पर खड़ी मिली है। इस संबध में स्कूल प्रधानाचार्य दीपक राठौर ने बताया कि छात्र धैर्यांश टॉयलेट करने के लिए गया था, तबसे लापता है। पुलिस को सूचना दी गई है। परिवारी जनों ने बताया की विद्यालय की लापरवाही की वजह से उनका बच्चा लापता है। फिलहाल अभी कोई सुराग नहीं लगा है। कंचौसी पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**एरवाकटरा, औरैया।** कुदरकोट चौराहा निवासी कैलाश बाथम के पुत्र शीलू बाथम की अज्ञात कारण से मौत हो गई। बताया जाता है कि कैलाश ने सोमवार की रात में शराब पी और अचानक रात्रि में बेहोश हो गया। परिजनों ने जब उसकी हालत बिगड़ते देखी तो इटावा अस्पताल ले गये। जहां पर उसकी मौत हो गई।

# एक्सिस पब्लिक स्कूल में हुई मैचस्टिक एक्टिविटी

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर के एक्सिस पब्लिक स्कूल में प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से सोमवार को एक्टिविटी डे के रूप में प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में मैचस्टिक्स एक्टिविटी आयोजित की गई। जिसमें सभी बच्चों ने आकर्षक डिजाइन में काली माता, मोर, कुर्सी, मेज, तितली परी, साइकिल, राजा राम मोहन राय) आदि सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाई। जिसमें कक्षा 5 की तेजस्वी ब प्रतिष्ठा ने प्रथम स्थान तथा कक्षा 8 की (तान्या, परी, दीपांशी, आमिनी, सुभि, महक, गौरवी, गुनगुन) ग्रुप ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 5 के गौरव व चिराग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक दीक्षित ने बताया कि एक्स्ट्रा करिकुलम अन्य चीजें हैं, जो पाठ्यक्रम के बाहर होती हैं। ये बच्चे के सर्वांगीण विकास में बहुत मददगार होते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो बच्चे स्कूल में सक्रिय रहते हैं, वे अपने करियर में भी उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। सक्रिय छात्र सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे सभी आयोजनों में भाग लेते हैं। इस तरह वे कक्षा में अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे और उनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इन गतिविधियों से बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्कूल प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढी ने बताया कि एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को अपने कौशल और विकल्पों के बारे में जानने का पर्याप्त अवसर मिलता है।


मॉडल दिखाते एक्सिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। अमृत विचार

उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका असली उत्साह भी देखा जा सकता है। यदि बच्चे वास्तव में किसी कौशल में अधिक कुशल हैं, तो स्कूल से ही उस कौशल में सुधार किया जा सकता है। जो छात्र पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेते हैं, उनमें बेहतर सामाजिक कौशल होता है और वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते है। इससे उनके भविष्य के विकास में बहुत मदद मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर तान्या त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य शिवम त्रिपाठी, पीटीआई अंकित, एक्टिविटी इंचार्ज मोनिका, सत्येन्द्र आदि समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट मंगलवार दोपहर स्कूल बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। स्कूली बस दिबियापुर के संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल की है। बाइक में युवक सवार थे।

बाइक चालक रवि 24 वर्षीय पुत्र रूप सिंह तथा अनुज 23 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह को गहरी चोटें आईं। आनन-फानन में बस चालक के द्वारा दोनों युवकों को निकट के सौ शैय्या चिचोली अस्पताल में ले जाया गया। यहां रवि पुत्र रूप सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक लहोखर गांव के निवासी हैं। दूसरे युवक अनुज का इलाज चल रहा है। जो अभी भी अचेत अवस्था में है। जबकि दोनों युवक बाइक करीब तीन बजे गांव में काम से ककोर जा रहे थे। घटना की जानकारी गांव में परिजनों को मिली।


घटनास्थल पर खड़ी बस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भगवान की कथा सुनने से मनुष्य को मुक्ति मिलती है

**अछल्दा, औरैया।** क्षेत्र के खुमानपुर गांव में चल रही भागवत महापुराण यज्ञ के तीसरे दिवस पर आचार्य अवधेश नारायण शास्त्री ने मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण एवं राजा हरिश्चन्द्र की कथा सुनाई। कहा कि राजा हरिश्चंद्र बहुत बड़े दानी थे। उनकी पत्नी का नाम तारा व पुत्र का नाम रोहित था। राजा हरिश्चंद्र जब तक दान नहीं कर लेते थे। तब तक वह भोजन नहीं करते थे। राजा हरिश्चंद्र ने सपने में अपना पूरा राज दान कर दिया था। जब राजा हरिश्चंद्र सुबह जागे मन में सोचा कि मैंने सपने में अपना पूरा राज पाठ दान कर दिया है। यह राज्य किसको दिया जाए उसी समय विश्वामित्र उनके राज महल में आए राजा हरिश्चंद्र ने भोजन कराया और कहा हे गुरु आज मैंने रात में अपना पूरा राज्य पाठ दान कर दिया है मेरा पूरा राज पाठ आप ही ले लीजिए। विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र का पूरा राज्य पाठ स्वीकार कर लिया था। इस मौके पर आयोजक गणेश यादव, ओमप्रकाश यादव, ब्रजकिशोर, रामवीर यादव, देवा यादव, कल्लू आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य अवधेश।


स्कूल से निकाली गई मतदाता जागरुकता। अमृत विचार

### बच्चों ने रैली निकालकर बताया मतदान का महत्व

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के कटरा मनेपुर कंपोजित विद्यालय के बच्चों के मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाते चल रहे थे। रैली ने पूरे मोहल्ले का भ्रमण करके मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। मंगलवार को कटरा मनेपुर के कंपोजित विद्यालय के बच्चो ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर वोटर लिस्ट में नाम लिखाए,वोटर कार्ड सभी बनवाएं। वोट हमारा है अनमोल,कभी ना लेंगे इसका मोल ।मतदान देना आपका अधिकार ,बदले में न लो उपहार। छोड़ो अपने सारे काम ,चलो करें पहले मतदान के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली पूरे मोहल्ले में घूमती हुई वापस विद्यालय में समाप्त हुई। समाजसेवी पूर्व सभासद बेंचेलाल कोरी, सभासद अशोक राजपूत, प्रधानाध्यापक अर्चना वर्मा, गुलशन जहां, अजीत राजपूत, आरती राठौर, नीलम देवी आदि मौजूद थे।

### डीएम ने नई रेडक्रॉस सोसायटी गठित करने के दिए निर्देश

**औरैया।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यों की समीक्षा की। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन विपिन मित्तल से सोसायटी द्वारा कराए गए कामों के बारे में जानकारी ली तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। डीएम ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के जन उपयोगी कार्यों से किसी को भी लाभ न मिलना आपत्तिजनक है, यह सोसायटी लोगों की मदद के लिए है और इससे लोगों को लाभ मिलना चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गठित सोसायटी में राज्य प्रबंधन इकाई सदस्य सर्वेश आर्य, कोषाध्यक्ष कुलदीप यादव तथा संदीप श्रीवास्तव लेखाकार को जोड़ते हुए नई सोसायटी का गठन किया जाए।

नवाचार

## नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की होगी ऑनलाइन फीडिंग, कोविन पोर्टल की तर्ज पर यू-विन पोर्टल से होगा वैक्सीनेशन

# गर्भवती और नवजात शिशु के टीके का हिसाब रखेगा यू-विन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कोरोना महामारी के समय कोविन पोर्टल के माध्यम से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई थी। अब उसी तर्ज पर यू-विन पोर्टल पर गर्भवती व नवजात शिशु से पांच वर्ष तक के बच्चों को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। टीका लगवाने का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश भर में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा दी जाएगी। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने दी।


बैठक के दौरान जानकारी देते जिला प्रशिक्षण अधिकारी। अमृत विचार

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में इस पोर्टल के संचालन के लिये एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण को सम्बोधित कर रहे थे। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर आये प्रशिक्षकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के अधिकारियो को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद यह प्रशिक्षित टीम अपने ब्लॉक व क्षेत्रों में आशा और एएनएम को प्रशिक्षण देंगे। डॉ सिंह का कहना है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविन की तर्ज पर ही यू विन पोर्टल शुरू कर गर्भवती माताओं व बच्चों के टीकाकरण को भी आसान बना दिया है। इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आप महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। सहयोगी संस्था यूएनडीपी के क्षेत्रीय समन्वयक मौसम जैसवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ एवं बाराबंकी दो जिलों में शुरू किया गया था। कहा कि अस्पतालों में बच्चों को बीसीजी, हैपेटाइटस, डिथीरीया, पोलियो समेत गर्भवती महिलाएं टीकाकरण करवाने के लिए आती हैं। टीकाकरण के लिए फील्ड स्टाफ लोगों को सूचना देता था। इस टीकाकरण के लिए लोगों को पहले अस्पताल में पंजीकरण के बारे में पता लगाना पड़ता था। साथ ही टीकाकरण हो रहा है या नहीं, इस बारे भी बार-बार अस्पतालों से पता करना पड़ता था। टीकाकरण का पता चलने के बाद लोग अस्पतालों का रुख करते थे। जिससे अब छुटकारा मिल गया है।

### गूगल प्ले पर डाउनलोड कर, पंजीयन करें

- वीसीसीएम सतेंद्र मिश्रा ने बताया कि यूविन पोर्टल या एप को मोबाइल में डाउनलोड कर आप खुद को तथा अपने परिवार के सदस्यों को रजिस्टर कर इसका लाभ उठा सकते हैं। आंकड़ों के आदान-प्रदान के लिए यूविन पोर्टल को कोविन से भी जोड़ दिया गया है। इस कारण ज्यादातर लोगों के आंकड़े पहले से ही पोर्टल पर मौजूद हैं। जैसे ही आप अपने पूर्व में कोविड टीकाकरण के वक्त कोविन एप दर्ज कराए गए अपने मोबाइल नंबर को यूविन एप पर रजिस्टर करते हैं, वहां आपका नाम, पता, आधार नंबर आदि विवरण आ जाता है। बच्चे की जन्मतिथि डालते ही लगने वाले टीके की पूरी सूची तारीख के साथ दिखने लगेगी।

### एप में पंजीकरण के लिए क्या-क्या है जरूरी

- यदि आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर हो तो बेहतर
- बच्चे के मामले में उसकी जन्म तिथि की सही जानकारी

### एप के फायदे

- परिवार के सभी सदस्यों के टीकाकरण का डाटा एक साथ एक ही जगह पर उपलब्ध होगा।
- पूरे देश में टीका की आपूर्ति एवं उपयोग की केन्द्रीयकृत निगरानी हो सकेगी।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कार्यों का आकलन भी हो सकेगा।
- टीके की तारीख भूलने नहीं देगा। स्लॉट बुकिंग कर समय भी बचाएगा
- टीके की दवा की बर्बादी भी रोकेगा, क्योंकि एप में टीके की डोज की उपलब्धता का भी विवरण दर्ज होगा।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

**50** महीनों में तैयार हो जाएगी पहली यूनिट

**56** महीनों में क्रियान्वित होगी दूसरी यूनिट

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए थे एमओयू

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे।

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी, जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयला एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।



मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी व अन्य मंत्री। अमृत विचार

- प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपये
- 416.34 करोड़ से बनेगा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

**नोएडा में बोडाकी मल्टी मॉडल हब परियोजना का होगा विस्तार:** नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दादरी और बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होंगी। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अंतरराज्यीय और लोकल बस अड्डा बनेगा।

### इनको भी मिली मंजूरी

- कुशीनगर में महात्मा गौतमबुद्ध कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड में निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी, 434 करोड़ 60 लाख से दिसंबर 2026 तक निर्माण करने का लक्ष्य।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरण।
- लखनऊ के केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन निर्माण, 377 करोड़ की लागत से निर्माण होगा, शिक्षण, प्रशिक्षण व चिकित्सा तीनो कार्य होंगे।
- पॉवर कॉर्पोरेशन के घाटमपुर में 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पॉवर की 3 यूनिट हेतु स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन में फीस छूट।
- जनपद लखनऊ में आउटर रिंगरोड के अंडर पास से पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क तक 4 लेन निर्माण (14.28 किमी)।
- आईआईएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड अंडर पास हेतु 8.4 किमी के दो लेन चौड़ीकरण।
- उप्र राज्य आबकारी बकाया पर एक मुश्त समाधान योजना 2023-24 का प्रस्ताव।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा। नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए जिन लोगों ने पहले से धनराशि जमा की है उन्हें उनकी रकम ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी।
- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें। इससे नगरीय विकास को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री इसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष होंगे।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा।
- आयुर्वेद निदेशालय, यूनानी निदेशालय, होमियोपैथी निदेशालय व उत्तरप्रदेश आयुर्वेदिक यूनानी एवं तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड व उत्तरप्रदेश होमियोपैथी मेडिसिन बोर्ड (उक्त तीनो निदेशालय और दोनों बोर्ड) अब संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके लिए नया पद सृजित किया जाएगा।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़, हायर बिडर को लेटर ऑफ कंफर्ट निर्गत किए जाने का अनुमोदन।
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जाएगा।
- जनपद प्रयागराज में वीवीआईपी गेस्ट हाउस प्रस्ताव को मंजूरी, सिविल लाइंस क्षेत्र की 10,000 वर्गमीटर नजूल भूमि (नजूल भूखण्ड संख्या 112) राज्य संपति विभाग पक्ष को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।

## एक नजर

### सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित हो गयी है। प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार के. रविंद्र नायक द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्यपाल द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-15 की उपधारा (3) के अन्तर्गत उप्र. सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और राज्य सूचना आयुक्त के 10 पदों पर चयन की संस्तुति देने के लिए समिति गठित की गई है। इस समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। जबकि दो अन्य सदस्यों में विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शामिल हैं।

### 9 से शुरू हो सकती हैं पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी।

# ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी से बढ़ेगा स्टार्टअप

- पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी के तहत राज्य सरकार प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत उद्योग लगाने वालों को तमाम तरह के लाभ और प्रोत्साहन निलेंगे। खासतौर पर अधिकतम 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रति स्टार्टअप पांच वर्षों तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त इंक्यूबेटर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति के संचालन में यूपीनेडा नोडल एजेंसी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष अवधि हेतु ग्राम समाज, सरकारी भूमि पर लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए लीज का मूल्य एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा तथा निजी निवेशकों के लिए यह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा।

यह भूमि अस्थानांतरणीय होगी और यदि आवंटन होने के तीन वर्ष की समयावधि में भूमि ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं हेतु उपयोग में नहीं लाई जाती है तो भूमि अनिवार्य रूप से वापस ले ली जाएगी। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत यूपीनेडा द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल को निवेश मित्र से इंटरलिंक किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को पर्यावरण अनापत्ति हेतु व्हाइट कैटेगरी स्टेटस प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार भूमि बैंक एवं जल की उपलब्धता हेतु आंकड़े तैयार करेगी एवं संभावित निवेशकों को आवश्यकतानुसार भूमि, जल एवं विद्युत पारेषण त्रंत उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करेगी।

### दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी स्थापना

ग्रीन हाइड्रोजन एवं इसके उत्पादों की उत्पादन लागत घटाने एवं नवीनतम तकनीकी विकास हेतु 2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसमें शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शतप्रतिशत एक मुश्त वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन इस नीति के प्राविधानिक प्रोत्साहन के अतिरिक्त माने जाएंगे एवं अनुमन्य होंगे। प्रदेश में वर्ष 2028 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है। कुल 5 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय प्राविधान इस नीति के क्रियान्वयन में किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा रखें चाक-चौबंद: डीजीपी

- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में न हो किसी प्रकार की लापरवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रदेश सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को सभी एडीजी जोन, पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों से कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम के आयोजकों, शांति समितियों, शिविर प्रबंधकों आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी संवाद बनाकर रखें। उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को ताकीद किया है।

डीजीपी ने निर्देश दिया है कि जलाभिषेक के लिए प्रस्तावित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय तथा आवश्यकतानुसार एण्टी सेबोटॉज चेकिंग करायी जाय। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी हालत में रखा जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्गो, संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए प्रर्याप्त पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर राहत के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।रात्रि में किसी भी कांवड़ यात्रियों के साथ कोई मार्ग दुर्घटना न हो, इसके लिए विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जाये।

# आगरा मेट्रो रेल परियोजना का पीएम मोदी आज करेंगे लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का लोकार्पण बुधवार 06 मार्च की सुबह 10 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ताजमहल मेट्रो स्टेशन से आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वे ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो में सफर करेंगे। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के उप महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मित्र ने बताया कि कुल लागत 8,379 करोड़ की आगरा मेट्रो परियोजना में 973 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। मेट्रो में बेहतरीन ब्रेक सिस्टम है। इससे विद्युत का उत्पादन होगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन है। जिनमें से प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिनमें ताज पूर्वी गेट, कैप्टन शुभम गुप्ता, फतेहाबाद रोड मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड है और ताजमहल, आगरा किला और मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन भूमिगत हैं। अभी इन 6 मेट्रो स्टेशन के बीच में ही आगरा मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो ट्रेन में सफर कर सकेगी। इसके लिए उन्हें 10 रुपये से 30 रुपये तक प्रति यात्री किराया देना होगा।

# चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

- विस्तार के बाद अब भी मंत्रिमंडल में खाली हैं पांच सीटें
- कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य बनाए जा सकते हैंमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है।

हालांकि, विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। नियम के मुताबिक, किसी भी राज्य में विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बनाए जा सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

इससे अभी कयास ये भी लगाये जा रहे हैं कि लोकसभा चुनावों के परिणामों को देखते हुए एक बार मंत्रिमंडल में विस्तार किया जा सकता है।

### अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण

हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है

### राजनाथ और योगी के करीबी हैं सुनील शर्मा

मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

### ओपी राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले

फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

### उप चुनाव में हारने के बावजूद दारा बने मंत्री

इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं।

## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## सुडोकू-80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष:** आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन:** आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या:** आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक:** आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु:** आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन:** आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
घातक — सुबह: 11.00
जख्मी सिपाही — रात: 07.00

Sony Max
आंख मिचौली — सुबह: 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम: 04.03

Sony Pix
एनाकोंडा — सुबह: 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर: 03.03

Zee Cinema
फोन भूत — सुबह: 10.50
बरसात — रात: 07.00

Colors Cineplex
देवदास — सुबह: 08.53
फोर्स 2 — रात: 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

# जल्द ही प्लास्टिक सिटी में लगेंगे उद्योग

## मानस सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं एमओयू की बैठक, लंबित ऋण पत्रावलियों पर भी हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, औरैया


बैठक के दौरान मातहतों को निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु एवं एमओयू की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त उद्योग अधिकारी ने विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की प्रगति से अवगत कराया। बताया कि पीएमईजीपी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 165 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 76 ऋण पत्रावलियां संबंधित बैंकों को ऑनलाइन प्रेषित कर दी गई है। जिसके सापेक्ष 37 ऋण पत्राबलिया स्वीकृत के सापेक्ष 30 ऋण पत्राबलियों का वितरण हो चुका है। 18 ऋण पत्रावलियां संबंधित बैंकों में स्वीकृत के लिए लंबित है एवं एक जनपद एक उत्पाद मार्जन मनी योजना के अंतर्गत 40 पत्रावलिया प्रेषित कर दी गई है। जिसके सापेक्ष 16 पत्रावलियां स्वीकृति के पश्चात 12 ऋण पत्रावलियां वितरित हो गई हैं तथा 19 ऋण पत्रावलियां स्वीकृति के लिए विभिन्न बैंकों में लंबित हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक व समस्त जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि शाखा प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर एमबाईएसबाई एवं ओडीओपी में आवंटित लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित यूपीसीडा से आए अधिकारी ने प्लास्टिक सिटी के बारे में बताया कि कुल 332 भूखंड है, जिनमें से 163 भूखंड आवंटित हैं। अभी नए आवेदन हेतु ऑनलाइन साइट बंद चल रही है, जो तीन-चार दिन में प्रारंभ होने की संभावना है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि प्लास्टिक सिटी से होकर कंचौसी मार्ग का स्टीमेट शासन को भेज दिया गया है। अभी तक धनराशि शासन से आवंटित नहीं हुई है, धनराशि प्राप्त होने पर अतिशीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत खंड औरैया ने विद्युतीकरण के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 125 पोलों पर तारों का शुद्धिकरण कराया जा चुका है तथा स्टीट लाइट लगाई जा रही हैं। तार बिछाने हेतु खंबे लगाए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित समय सीमा के अंतर्गत प्रकरणों को तत्काल निस्तारण करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि माह फरवरी 2024 में जीबीसी का आयोजन वृहद स्तर पर कराया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभाग से हस्तांतरित हुए लंबित एमओयू को धरातल पर लाये, जिससे जनपद में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हो सके। इसके साथ इन्वेस्ट यूपी से आए उघमी मित्र अनुराग अग्रहरि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 1250 करोड़ का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके सापेक्ष 112 एमओयू निवेश धनराशि 1105.65 करोड़ जिसका 89ः पूर्ण कर लिया गया है और शेष एमओयू को धरातल पर लाने हेतु निवेशकों से समन्वय स्थापित कर भौतिक सत्यापन, एनओसी आदि की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में अवगत कराया कि अभी 600 आवेदन कर्ताओं का साक्षात्कार कर लिया गया है। 600 आवेदनकर्ता का साक्षात्कार कराना शेष है जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि शेष आवेदन कर्ताओं का साक्षात्कार 7 मार्च को कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अरविंद कुमार भास्कर, अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव सिंह, आईटीआई प्रधानाचार्य संजीव कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त जिला समन्वयकव उद्यमी मौजूद आदि रहे।

## शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**बिधूना, औरैया।** प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में एक ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निराकरण कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन में संघ ने कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषदीय अध्यापकों को उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत उपस्थिति तथा एमडीएम की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है। परन्तु, टेबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड आ गया है। निरीक्षण में अधिकारियों आदि को अपनी व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिमकार्ड रखरीदने के लिए दबाव बना रहे है जो नियमानुसार शिक्षको का उत्पीड़न है। इस अवसर पर सचिव बेसिक शिक्षा के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय प्रतिनिधि के साथ हुई वार्ता में कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनायी गई थी। लेकिन, चार माह बीत जाने के उपरान्त भी शिक्षको की किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## सार-संक्षेप


नारी शक्ति वंदन यात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

### नारीशक्ति वंदन यात्रा निकाली, किया जागरूक

**भरथना, इटावा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉ. अनिता जाटव के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने मंगलवार को भरथना कस्बा में नारीशक्ति वंदन यात्रा निकाल कर नगर क्षेत्र की जनता को जागरूक किया। वंदन यात्रा ने नगर के मोहल्ला जवाहर रोड, बजाज लाइन, मोना स्वीट चौराहा, नेविल गंज, तिलक रोड, सब्जी मंडी, हनुमान गली, महावीर नगर, गांधी नगर, आजाद रोड, मंदिर दान सहाय, गिरधारीपुरा आदि प्रमुख मार्गो और वस्तियों में जनता को जागरूक किया। मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री ममता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अंजू सिंह के अलावा वीना शुक्ला, शिखा, सुमन सिंह, मुस्कान, मधुवला, कमला, ममता, कुशुमलता सहित तीन दर्जन से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राजस्व संग्रह अमीन संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अमीन संघ ने वेतन पेंशन निर्धारित करने की मांग उठाई

**ककोर, औरैया।** राजस्व संग्रह अमीन संघ ने मंगलवार को अपनी 10 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर अतिरिक्त एसडीएम अमित कुमार त्रिपाठी को दिया। जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार बाजपेई ने कहा कई वर्षों से हम लोग काम कर रहे हैं। इसके बावजूद भी हम लोगों को वेतन पेंशन निर्धारित नहीं किया जा रहे हैं। जिसके कारण 5 से 10 वर्ष की सेवा के बाद भी कोई सरकारी लाभ नहीं मिल रहा है। अतः हम लोगों को समायोजित करके वेतन पेंशन का निर्धारण किया जाए। संग्रह अमीन को तीसरे वेतन आयोग में 354 से 550 रुपए मिलते थे ।जबकि आज 3050 से 4590 मिल रहे है। वहीं अन्य कर्मचारियों को 20000 से अधिक का वेतन प्राप्त हो रहा है। संग्रह अमीन को फील्ड में अन्य कर्मचारियों की तरह भत्ता दिया जाए ।क्योंकि जगह-जगह वसूली के कारण अन्य समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इसलिए अमीन के लाइसेंस भी बनाये जाएं। अमीन के पद को जोखिम पद घोषित किया जाए। उत्तर प्रदेश लेखपाल पर काम की अधिकता होने के कारण जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए पुरस्कार के लिए पांच रुपये मिलते हैं। यह कार्य अमीन को सौंप दिया जाए, जिससे हम सभी को परिवार चलाने के लिए कुछ प्रोत्साहन राशि मिल सके। इसके बाद अतिरिक्त एसडीएम अमित कुमार तिवारी ने उच्च अधिकारियों से बात करके समस्या हल का आशवासन दिया। इस ज्ञापन के समय जिला अध्यक्ष अनूप कुमार बाजपेई अजय कुमार चौहान रवि कुमार धीरेंद्र तिवारी, चंद्र मोहन, कोमल सिंह आदि मौजूद रहे।


एनएसएस शिविर का उदघाटन करते अनुज यादव मोंटी। अमृत विचार

### समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करें छात्र

**जसवंतनगर, इटावा।** चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी जसवंतनगर की एनएसएस इकाई द्वारा चयनित ग्राम जुगौरा के कंपोजिट विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। चौ सुघर सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव, डायरेक्टर डॉ संदीप पाण्डेय, प्राचार्य डॉ जितेंद्र यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया। सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथ दिलाई गई । शिविर का उद्घाटन एनएसएस गीत के साथ हुआ। डॉयरेक्टर डॉ संदीप पाण्डेय ने एनएसएस के महत्व व उद्देश्यों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने विशेष शिविर में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शेर सिंह, अशांक यादव, हनी, डा अखिलेश यादव, विकास राजपूत, आशुतोष उपाध्याय, अवनीश कुमार, शिवशंकर यादव, रक्षा एवं भावना सिंह आदि शिक्षक उपस्थित उपस्थित रहे।

### किसानों को मिलेगा मुआवजा, एसडीएम ने निरीक्षण किया

**ताखा, इटावा।** बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान के सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। कृषि विभाग नुकसान का गांव गांव जाकर फसलों का आकलन कर रही है। क्षेत्र में बीते दिनों हुई बारिश व ओलावृष्टि से फसल नुकसान का एसडीएम देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने नगला कुंआ व केशोंपुर गांव के सड़क किनारे खड़ी फसल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बारिश व ओलावृष्टि से आलू, सरसों, गेहूं में ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी रिपोर्ट तैयार करायी जा रही है। कृषि विभाग के कर्मचारी नुकसान का आकलन गांव गांव जाकर कर रहे हैं।

## एक नजर

### प्रधान पर मारपीट का आरोप

**भरथना, इटावा।** क्षेत्र के गांव नगला भोज में प्रधानी कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच के दौरान शिकायतकर्ता रामकिशन के साथ मारपीट की गई। मारपीट के मामले में पुलिस ने नगला भोज के ग्राम प्रधान आपेन्द्र सिंह तथा उनके साथी सुरेंद्र सिंह, सत्यवीर व अशोक कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की।

### चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना

**बसरेहर, इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पड़ाव पर चोरों ने दो दुकानों को अपना निशाना बनाया और हजारों रुपये का सामान की चोरी करके ले गए। लालू पुत्र रविंद्र कुमार निवासी बहादुरपुर पड़ाव पर लकड़ी का खोखा रखकर अपना रोजगार चलाता है। चोर 1800 रुपये नकदी सहित करीबन 20000 का माल ले गए। पास में ही रखे लकड़ी का खोखा गोविंद कुमार का भी ताला तोड़कर एक सिलेंडर समेत 18 हजार रुपये का सामान चोरी करके ले गए। सुबह इन लोगों ने दुकान की तरफ देखा तो सामान जमीन पर बिखरा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है।

### अपात्रों को दे दिए गए आवास

**इटावा।** यहां ग्राम पंचायत तुर्कपुर पहाड़पुर के पहाड़पुर गांव में अपात्रों को आवास देने की शिकायत पर गांव में डीपीआरओ और जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जांच की। इस दौरान कुछ आवास अपात्रों के पास मिलने पर डीपीआरओ ने नाराजगी जाहिर की है। इस संबंध में परियोजना निदेशक शरद कुमार श्रीवास्तव से पहाड़पुर के गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने 2016-17 में गांव के सात परिवारों को अपात्र होने के बावजूद आवास योजना का लाभ देने की शिकायत की थी। इस पर पीडी ने डीपीआरओ बनवारी सिंह और जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह को जांच सौंपी थी। इस पर इन दोनों अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की। आरोपियों के घर पर जाकर सत्यापन किया। पड़ोसियों और शिकायतकर्ता के भी बयान लिए। सात आवासों में से कुछ आवास अपात्र मिलने पर डीपीआरओ ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चेताया कि सभी से रिकवरी की जाएगी।

## दहेज को लेकर महिला की हत्या

**बसरेहर, इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत गांव लुकटपुरा मौजा आडरपुर में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मौके से महिला के ससुरालीजन फरार हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने घटना की जानकारी महिला के मायके के पक्ष के लोगों को दी। महिला के पिता ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी थाना चौबिया पुलिस को दी।

महिला गीता देवी उम्र 24वर्ष का शव आज फंदे से लटका हुआ पाया गया। सूचना ग्रामीणों ने महिला के परिजनों को दी। महिला गीता देवी के पिता अरविंद कुमार निवासी जरैला अछल्दा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष मंसूर अहमद ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# सपा सरकार के कार्यों को जनता को बताएं

संवाददाता, बिधूना, औरैया


बैठक के दौरान चर्चा करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

- समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर भरी हुंकार

**अमृत विचार।** कस्बे के राम नंदनी गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गहन चर्चा की गई। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से जिताने को लेकर रणनीति बनाई गई। मंगलवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र बिधूना की मासिक बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू एवं बिधूना विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेखा वर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक मतों से जिताने के लिए वह मतदाताओं के बीच जाकर सपा की जनहितकारी रीतियों नीतियों के कार्यक्रमों की जानकारी दें। इस अवसर पर पार्टी जनों से अपने-अपने बूथों से पार्टी को जिताने को कहा गया। कहा कि मतदाताओं को बताएं कि समाजवादी पार्टी ने कभी खोखले वादे नहीं किये बल्कि क्षेत्र में विकास कराकर गांव गली के लोगों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया है।जबकि भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं किया है। कहा कि जब जो भी विकास दिखाई दे रहा है सब सपा की देन है।वहीं बैठक के दौरान बिधूना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रानू पालीवाल के द्वारा अपनी टीम का विस्तार करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत कर उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर 7 उपाध्यक्ष 16 सचिव, 1 महासचिव तथा 1 सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू, विधायक रेखा वर्मा के अलावा विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष रानू पालीवाल, आछेलाल पाल, मीडिया प्रभारी छत्रपाल सिंह वर्मा, नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, ध्यान सिंह यादव, अरविंद यादव, मीना कठेरिया, धनदेवी यादव, मनीषा राजपूत, चन्द्र शेखर कश्यप सहार, धप्पी यादव, मुकेश जाटव, अवनीश यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम सनेही पाल, नरेश यादव, कल्लू यादव, गम्भीर सिंह यादव, नवीन वर्मा आदि सपाजन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू

**जसवंतनगर, इटावा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का उद्घाटन कैस्त में स्थित महाकाल मंदिर से कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा के दौरान भारी संख्या में जुटे नर नारी पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिये वेद साहित्य लेकर हम बदलेंगे युग बदले का नारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के वापस मंदिर आने पर भजन-कीर्तन और पूजन किया गया। गायत्री परिवार से जुड़े व कार्यक्रम आयोजक नरेश चंद्र व पूर्व सभासद राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि महायज्ञ में क्षेत्र के अतिरिक्त आसपास के ग्रामो के श्रद्धालु भी शामिल होंगे।

इस अवसर पर विभाग सह संचालक राम नरेश शर्मा, जिला प्रचारक शिवम , तहसील प्रचारक रबिन्द्र, खंड कार्यवाह पल्लू ठाकुर आदि मौजूद थे।

# धर्म की रक्षा को भगवान लेते अवतार

कार्यालय संवाददाता, इटावा


व्यास पीठ का सम्मान करते राममनोहर दीक्षित एवं अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भरथना क्षेत्र के तीर्थ ग्राम रमायन में स्थित प्रसिद्ध महामंशापूर्ण श्री गंगाधर विश्वनाथ मंदिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में होने वाले रूद्रयज्ञ एवं श्री राम कथा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा की धूम मची हुई है। जिसमें भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। सात मार्च को ग्राम में ही नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी।

शिव मंदिर पर राम कथा सुनाते हुए व्यास आचार्य पं. दीपक द्विवेदी ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार बढ़ता है और धर्म आहत होने लगता है, तब तब परमात्मा भक्त सज्जनों एवं धर्म की रक्षा करने के लिए अवतार लेता है। इसके अलावा राधा कृष्ण मंदिर पर सायंकाल साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे तक महिला कथा व्यास सपना मिश्रा भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करा रही हैं जिसके परीक्षित दंपति सुभाष पोरवाल एवं रानी पोरवाल हैं। रुद्र यज्ञ के यज्ञाचार्य पं. रामसेवकजी, यज्ञपति श्रीमती राधा पोरवाल एवं अरविंद पोरवाल के द्वारा अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं।

सात मार्च को दोनों कथाओं का विश्राम होगा। उसी दिन राधा कृष्ण, संकटा माता, मां दुर्गा, गणेशजी तथा हनुमानजी की मूर्तियों की ग्राम भ्रमण के उपरांत प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। 7, 8 और 9 मार्च तक मेला चलेगा तथा 10 मार्च को विशाल भंडारा होगा। कथा के अंत में श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, प्रेम किशोर द्विवेदी, पं. ऋषिनंदन मिश्रा अरविंद पोरवाल ने आरती की।

**जागरुकता** — अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम, महिलाओं को जागरूक किया गया

# महिला कृषक फूलों की खेती के साथ पशुपालन करें

कार्यालय संवाददाता, औरैया



महिलाओं को सम्मानित करते सीडीओ अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

- सीडीओ ने महिला सशक्तिकरण को लेकर मातृशक्ति को किया आश्वस्त

**अमृत विचार।** अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के विकास खंड के ग्राम पंचायत बिरिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वह समस्त मातृशक्ति को आश्वस्त करते हैं, कि प्रशासन सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर है। आप लोगों की सफलता के लिए ये भी जरूरी है कि गेहूं धान की पारंपरिक खेती के साथ-साथ फूलों की खेती, पशु पालन व बागवानी आदि पर भी काम करने की जरूरत है। जिससे आपको आय के साधन बनेंगे और स्वावलंबी बनेगी और आर्थिक रूप से मजबूत होगी। कहा कि जब आर्थिक रूप से मजबूत होगी तभी आप आगे बढ़ेगी।

सीडीओ ने कहा कि यदि आपको आवश्यकता हो तो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आ सकती है। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अरुण कुमार ने कहा कि जिस तरह से आपने समूह से जुड़कर अपनी आय को बढ़ाया और समस्याओं को सुलझाया है। आप सभी ने आज जो अभिव्यक्त किया है। इसे देखकर मन बहुत अभिभूत हुआ, तथा कार्यक्रम की आयोजक रीना पाण्डेय के लिए बहुत अच्छा कार्यक्रम किया है। सराहना की और कहा वह भी सदैव नाबार्ड की ओर से सदैव मदद के लिए तैयार हैं। खण्ड विकास अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य ने सभी महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाए जब आर्थिक रूप से सम्पन्न होगी तभी वास्तव में महिला सशक्तिकरण होगा। इसमे वह हर सम्भव आप सभी के सहयोग के लिए तैयार हैं, आप बेहिचक कभी भी कोई समस्या हो तो बताइये और योजनाओं से जुडकर आर्थिक रूप से सशक्त बने। सचिव अभिषेक सिंह ग्राम प्रधान अंशुल गौतम ने भी महिलाओ का हर सम्भव महिलाओ की सहायता का आश्वाशन दिया। समाज सेवी शर्मिष्ठा गुप्ता ने महिलाओ के संघर्ष पर काव्य पाठ किया। जिला समन्वयक सोशल ऑडिट क्वार्डिनेटर विद्या सिंह ने सफल संचालन किया और सभी को आश्वस्त किया कि हम आपके बीच के है कभी भी आप हमारे पास आकर कह सकती है। संघर्ष शील महिलाए ब्रम्हा, सुमन, कुमकुम, मालती, ज्ञानश्री, चंदावती ने अपनी कहानी अपनी जुबानी बताई। अपेक्षा महिला एवम बाल विकास समिति की सचिव रीना पाण्डेय द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं संघर्ष शील महिलाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## निपुण भारत स्कूलों को किया गया सम्मानित

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग में चलाए जा रहे निपुण भारत अभियान के तहत काम किया जा रहा है। इस अभियान में बेहतर कार्य करते हुए जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के 295 स्कूल निपुण स्कूल बन गए हैं। इन स्कूलों के प्रधानाध्यपाकों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। यहां विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निपुण स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। सीडीओ अजय कुमार गौतम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। निपुण भारत योजना में स्कूलों को निपुण बनाया जा रहा है। इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और निपुण भारत स्कीम की जानकारी दी। इस मौके पर पीडी एसके श्रीवास्तव, डीपीआरओ बनवारी सिंह, जिला अर्थ व संख्याधिकारी, जिला समन्वयक ज्ञानेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता – फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल- चलन ठीक न होने और गलत- व्यवहार के चलते चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे-बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। **–मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0– सोनापार (देवरहना) पो0– रेहरा बाजार, तह0 – उतरौला जनपद– बलरामपुर,** मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष – 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक – 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है ।

**सूचना**

सूच्य हों कि मुझे पहले मोहम्मद आसिम के नाम से जाना जाता था । परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है । भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। **– आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी– नि –ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ –रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम ऋुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी-शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी– मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील– छिबरामऊ, जनपद– कन्नौज,** मेरा हाईस्कूल जिसका अनुकमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7050 |
| मसूरदाल | 7050-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा- भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

## सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

## कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचारः** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

## पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

## क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

**छपरा, एजेंसी**

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय

# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

### तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद




मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है।

देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा-डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकारः खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

## केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्टः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

## गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

**चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने उनके बयान निंदा की

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

## माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

## इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

**कोलकाता, एजेंसी**

### संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

## एक नजर

### हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश ने पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे



**सेन फ्रांसिस्को।** तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2 .3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

### यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

### लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

# पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8 करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

## पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।




# के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरुरी है।

### चेक करें ईसीएस डेबिट



इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।




- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।



### पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि




यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

# भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक बिना शर्त हो बंधकों की रिहाईः कंबोज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।



भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। भारत के स्थायी दूत ने तनाव को कम करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, 'स्थायी समाधान पर पहुंचने के लिए हम हिंसा करने से बचने, सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, 'जंग पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है और हमने यह कई मौकों पर कहा भी है।

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का नुकसान हुआ है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट भी पैदा हुआ है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।

### इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजरायल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। यह सलाह ऐसे समय में जारी की गई है जब एक दिन पहले लेबनान से हिजबुल्लाह आतंकवादियों द्वारा दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। यह मिसाइल इजरायल के उत्तरी सीमावर्ती मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरी थी। इस हमले के तीनों पीड़ित केरल के थे। भारत में इजरायल दूतावास ने लेबनान द्वारा की गई टैंक रोधी गोलीबारी को कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की। नई दिल्ली में इजराइली दूतावास ने कहा, हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य के घायल होने से गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं।

## पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।



पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

## 10 मई के बाद देश में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद : मुइज्जू

माले (मालदीव), एजेंसी

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक मालदीव में सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा



भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

### बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...





**चमोली :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

## देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

सियोल, एजेंसी



- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

## हिंद-प्रशांत में नहीं दिखाएगा कोई ताकत

पणजी, एजेंसी

- राजनाथ ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया संदेश, बोले- सहयोगी देशों की मदद कर रही नौसेना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, "भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

## भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया, एजेंसी



तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।

**विज्ञान** नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

# ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।

### जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

## भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील



सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।